सुप्रभात
रांची, रविवार
31.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 256

12 देश के लिए योगदान का सम्मान है भारत रत्न : मोदी

इफ्तार : शाम 6.01(31 मार्च)
सेहरी : भोर 4.22 (01 अप्रैल)




# हेमंत सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट दायर
## बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन को इडी ने किया अटैच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, आर्किटेक्ट विनोद कुमार, बड़गाइं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ इडी की टीम ने चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल कर दिया। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था, उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन शनिवार को पूरे हो गये थे। नियमतः किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है। शनिवार को आरोप पत्र दायर कर दिया गया। पांचों के






खिलाफ 5,500 पन्नों में चार्जशीट फाइल की है। इसमें मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया है। आरोप पत्र पर संज्ञान के बिंदु पर इडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत 2 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

**इसीआइआर 6 /2023 के तहत मामला दर्ज है**

इडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपी बनाया गया है। हेमंत सोरेन को इडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस दौरान जेल में बंद बड़गाईं अंचल के निलंबित उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, बिनोद सिंह से पूछताछ की थी। इन्हीं पूछताछ को आधार बनाते हुए इडी ने अपनी जांच की है।

**60 दिनों में आरोप पत्र जरूरी**

31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई थी। 60 दिन के भीतर ईडी के अधिकारियों को कोर्ट में चार्जशीट दायर करनी थी। अब कोर्ट में सुनवाई और आरोप पत्रों के आधार पर अदालत आगे की कार्रवाई करेगी।

**5500 पन्नों का चार्जशीट**

इसके साथ ही इडी ने बड़गाई अंचल स्थित 8.5 एकड़ जमीन को भी अटैच कर लिया। इडी की टीम एक ट्रंक में चार्जशीट के कागजात लेकर शाम करीब 4.20 बजे रांची कोर्ट पहुंची। इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इसमें अदालत को जानकारी दी गयी है कि जमीन घोटाले के जरिये हुए मनी लॉन्ड्रिंग में किसकी क्या भूमिका है।

## दिल्ली में आज इंडी गठबंधन की रैली, नजरें कल्पना और सुनीता पर
# एक ही मंच से मोदी व इडी पर करेंगी हमला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की शराब नीति मामले में इडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की महारैली रविवार को होगी। गठबंधन के सभी नेताओं को महारैली में शामिल होने का न्योता भेजा गया है। सबकी नजरें झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता पर टिकी हैं। रैली में भाग लेने कल्पना, झारखंड के सीएम चंपई सोरेन के साथ दिल्ली पहुंच गयी हैं। गठबंधन सूत्रों के अनुसार रविवार को रामलीला मैदान से कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक साथ केंद्र सरकार, मोदी और इडी के खिलाफ हल्ला बोलेंगी। दोनों मंच से जनता को क्या संदेश देती हैं, इस पर सभी का ध्यान है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों के पति इडी की कार्रवाई की वजह से जेल में हैं। दोनों का भाषण भावनात्मक होगा।

**तमाम बड़े नेता भाग लेंगे**

महारैली में झारखंड, बिहार, यूपी, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों से विपक्षी दलों के नेताओं की उपस्थिति होगी। वहीं इंडिया गठबंधन के सभी दल तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ रैली में शामिल होकर केंद्र सरकार के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। महारैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव सहित कई पार्टियों के प्रमुख नेताओं के शामिल होने के आसार हैं।



**नयी दिल्ली में शनिवार को कल्पना सोरेन ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से भेंट की। कल की महारैली और अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की।**

**दूसरी बार कल्पना राष्ट्रीय मंच पर**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कल्पना सोरेन शामिल होने सीएम चंपई सोरेन के मुंबई गयी थीं। उस समय कल्पना सोरेन ने अपने लगभग 06 मिनट के संबोधन में भाजपा, पीएम मोदी और ईडी पर कटाक्ष किया था साथ ही साथ उन्होंने कहा था कि झारखंड झुकेगा नहीं।

# माले ने कोडरमा से विनोद सिंह को उतारा
## एनडीए की अन्नपूर्णा से होगा मुकाबला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले ने विनोद सिंह इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार बनाया है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेस में पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, राज्य सचिव मनोज भक्त और शुभेंदु सेन भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह के नाम पर इंडिया अलायंस ने मुहर लगा दी है। विनोद सिंह बगोदर विधानसभा से भाकपा माले से विधायक हैं। उनकी बेहतर छवि को देखते हुए पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। कोडरमा लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी और वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी से होगा।



**घोषणा पत्र भी जारी**

उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही भाकपा माले ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। घोषणा पत्र जारी करते हुए मनोज भक्त ने कहा कि पिछले कई दशकों से कोडरमा में मजदूरों, दलितों और पिछड़ों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। भाजपा एक दशक से अधिक समय से कोडरमा लोकसभा का नेतृत्व कर रही है, लेकिन वहां के लोग आज भी दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

(शेष पेज 11 पर)

**अन्य दलों की घोषणा शीघ्र**

झारखंड की सरकार में शामिल सभी दल (कांग्रेस, झामुमो, राजद और भाकपा माले) इस गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। इन चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो चुका है। कांग्रेस सात सीटों पर लोकसभा के चुनाव लड़ेगी। पांच सीट पर झामुमो अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। राजद और भाकपा माले के उम्मीदवार एक-एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने अब तक खूंटी से कालीचरण मुंडा, हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल और लोहरदगा से सुखदेव भगत को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा है। खबर है कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों की घोषणा हो जाने के बाद झामुमो अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगा। वहीं भाजपा-आजसू ने अपने सभी 14 उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर दी है।

## रांची सीट से भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का कौन, संशय बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ और कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी राम टहल चौधरी के बीच सीधी टक्कर हो सकती है। हालांकि कांग्रेस, श्री चौधरी को टिकट देती है या सुबोधकांत सहाह को, उसने अभी पत्ता नहीं खोला। संसय बरकरार है। इस पर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कांग्रेस पार्टी से रामटहल चौधरी प्रत्याशी हो सकते हैं। हाल ही में राम टहल चौधरी ने कांग्रेस का दामन थामा है। शनिवार को ही वह नयी दिल्ली से कांग्रेस में शामिल हो कर रांची पहुंचे है। रांची पहुंचते ही उन्होंने कहा कि पार्टी जो दायित्व सौंपती है, वह उसे सहर्ष स्वीकार करेंगे। यदि उन्हें टिकट मिला तो रांची सीट से कभी भाजपा के सांसद रहे राम टहल चौधरी अब विपक्ष के तौर पर कांग्रेस के प्रत्याशी बनकर चुनावी मैदान में भाजपा के ही सामने फिर से खड़े रहेंगे। ओबीसी वोटरों के बीच से आये रामटहल चौधरी की कुरमी समुदाय पर मजबूत पकड़ मानी जाती है। राजधानी में खासकर ईसाई-मुस्लिम वोटरों की भी सर्वाधिक संख्या है लेकिन यहां हिन्दू समुदायों के वोट भी निर्णायक माने जाते रहे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में रांची सीट पर समीकरण बदल सकता है और यह देखना दिलचस्प होगा चुनाव में जनता क्या फैसला करती है।

# इडी ने शाहजहां शेख को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शनिवार को निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार कर लिया। जमीन पर कब्जे मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। कोर्ट की अनुमति मिलते ही इडी अधिकारियों ने शेख शाहजहां से जेल में पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने पूछताछ में उन्होंने सहयोग नहीं किया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जांच एजेंसी के अधिकारियों द्वारा बशीरहाट जेल में उनसे पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जहां वह वर्तमान में बंद हैं। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव की कई महिलाओं ने शेख शाहजहां और उनके साथियों पर जमीन हड़पने और जबरदस्ती यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। फरवरी में शाहजहां को पश्चिम बंगाल पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर उसके समर्थकों द्वारा किए गए हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इडी की टीम पर उस समय हमला किया गया जब वे संदेशखाली में उनके घर पर छापेमारी करने जा रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)

## लातेहार में 5 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** जिला पुलिस ने माओवादी नक्सली कमांडर नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझु को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पांच लाख का ईनाम घोषित था। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सटीक कार्रवाई की। पुलिस ने उसे गारू थाना क्षेत्र के मिर्चाइया जंगल से दबोचा। वह बरियातू थाना क्षेत्र के झिरमतकोना गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार का दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के लिए दारू थाना क्षेत्र के मिर्चाइया और इसके आसपास के जंगल में भ्रमणशील था।

## दिल्ली में सुनीता केजरीवाल से मिलीं कल्पना सोरेन, कहा
# हमें इस लड़ाई को बहुत दूर तक ले जाना है



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों ने गले मिलकर एक दूसरे का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जैसी घटना 2 महीने पहले झारखंड में हुई थी, दिल्ली में भी वैसा ही कुछ हुआ है। तब मैं सुनीता जी से मिलकर उनका दुख दर्द बांटने आयी थी। कल्पना सोरेन ने कहा कि हमने मिलकर प्रण लिया है कि इस लड़ाई को हमें बहुत दूर तक लेकर जाना है। अरविंद केजरीवाल से साथ पूरा झारखंड रहेगा। मैं रविवार को होने वाली इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में भी मौजूद रहूंगी।

**दोनों का दुख- दर्द एक जैसा**

कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल दोनों का दर्द एक जैसा है। हेमंत के झारखंड के सीएम रहते कल्पना सोरेन राज्य की राजनीति से अलग ही रहती थीं। उसी तरह जब तक अरविंद केजरीवाल को इडी ने गिरफ्तार नहीं किया था, तब तक सुनीता केजरीवाल अपने घर और परिवार को संभालने में लगी हुई थीं। पर हेमंत सोरेन-अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल ने जिम्मेवारी संभालने में देर नहीं की। दोनों इडी की रिमांड पर लिये गये अपने पति से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। दूसरी ओर पार्टी को भी एक जुट बनाये रखने को लेकर तत्पर दिखीं।

**न्यूज डायरी**

**चार हस्तियां भारत रत्न से सम्मानित**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को यहां पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

**किशोर कुणाल की बहू भी चुनाव मैदान में उतरीं**

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर चिराग पासवान की लोजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी प्रमुख चिराग पासवान हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं अरूण भारती को जमुई से टिकट दिया गया है। इसके अलावा पार्टी ने शांभवी चौधरी को समस्तीपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। वह पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल की बहू हैं। पाटी ने राजेश वर्मा को खगड़िया सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। वैशाली से वीणा देवी के नाम की चर्चा है।

**भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति में अर्जुन मुंडा भी**

**रांची।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी किया है। इसके मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर बनायी गयी इस समिति के अध्यक्ष रानाथ सिंह होंगे। पार्टी के टॉप लेवल के कुल 27 लोगों को रखा गया है। संयोजक निर्मला सीतारमण को बनाया गया है। सह संयोजक पीयूष गोयल हैं।

**भाजपा ने अबकी सन्नी देओल का कटा टिकट**

**नयी दिल्ली।** भाजपा पार्टी प्राशियों की शनिवार को 8वीं सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार फिल्म स्टार सन्नी देओल को टिकट नहीं दिया। दिनेश सिंह 'बब्बू' गुरदासपुर से, तरनजीत सिंह संधू अमृतसर से, सुशील कुमार रिंकू जालंधर से, हंस राज हंस फरीदकोट से, परनीत कौर पटियाला से चुनाव लड़ेंगे।

**राष्ट्रपति ने दीं ईस्टर की शुभकामनाएं**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है, "ईस्टर के पावन अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के भाई-बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**






## कांग्रेस में शामिल होने के बाद रांची पहुंचे पूर्व सांसद

# पार्टी मुझे जो भी जिम्मेवारी देगी उसे ईमानदारी से निभाऊंगा : रामटहल

रामटहल चौधरी ओबीसी समाज के बड़े नेता हैं, रांची से वे कई बार सांसद रह चुके हैं, ऐसे में कहीं ना कहीं कांग्रेस को मजबूती मिलेगी : बंधु तिर्की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल होने के बाद शनिवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ उनके समर्थकों ने ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने उन्हें जो सम्मान दिया है वह उसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की तरफ से उन्हें जो भी जिम्मेवारी दी जाएगी उसे वह बखूबी निभाएंगे। टिकट मिलने के सवाल पर रामटहल चौधरी ने कहा कि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे वह एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह निभाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रामटहल चौधरी ओबीसी समाज के बड़े नेता हैं। रांची से वे कई बार सांसद रह चुके हैं, ऐसे में कांग्रेस पार्टी में उनके शामिल होने से कहीं ना कहीं कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

बता दें कि रामटहल चौधरी रांची की राजनीति में दिग्गज नेता के रूप में जाने जाते हैं। 82 वर्ष की आयु के कद्दावर नेता 1970 से राजनीति में सक्रिय हैं। वे भारतीय जनता पार्टी से कई बार रांची लोकसभा का नेतृत्व कर सांसद रह चुके हैं लेकिन पिछली लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने उनका टिकट काटकर वर्तमान सांसद संजय सेठ को टिकट दिया तो वह भारतीय जनता पार्टी से अलग हो गए।

रामटहल चौधरी लगभग चार वर्षों तक बिना किसी राजनीतिक दल में गए लोगों के बीच मुखर रहे। लेकिन वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस में जाने के बाद यह कयास लगाये जा रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस की तरफ से रांची लोकसभा सीट के प्रत्याशी के रूप में उतारा जा सकता है। हालांकि इस पर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कांग्रेस पार्टी से रामटहल चौधरी प्रत्याशी हो सकते हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद राजनीति गलियारों में यह कयास लगाया जा रहा है कि रांची से अगर वे प्रत्याशी होते हैं तो भाजपा को कड़ी टक्कर मिल सकती है।

# जैप, आइआरबी समेत अन्य विंग की इको कंपनी यूपी और तमिलनाडु में होगी तैनात

## सभी जवानों को पुलिस अधिकारियों ने ब्रीफिंग कर किया रवाना

**लोकसभा चुनाव में कड़ी सुरक्षा तैयारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राज्य अपनी तैयारियों में लगी हुई है। चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होंगे। झारखंड पुलिस के दो दर्जन से अधिक ईको कंपनी तमिलनाडु और यूपी में तैनात होंगे। तमिलनाडु और यूपी के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग कंपनियां तैनात की जाएंगी। सभी जवानों को पुलिस के वरीय अधिकारियों ने ब्रीफिंग कर रवाना कर दिया गया है। तमिलनाडु में 20 ईको कंपनी और यूपी में 8 ईको कंपनी को भेजा गया है। जैप, आईआरबी एवं एसआईआरबी से गठित कुल 28 ईको कंपनी में करीब 2184 जवानों को चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किया गया है।

### तमिलनाडु में 20 और यूपी में 8 कंपनी होंगी तैनात



ईको कंपनी 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23 तक को तमिलनाडु भेजा गया है। करीब 1560 जवान की क्षमता वाले इस कंपनी का प्रभारी पीयूष पांडेय और विजय आशीष कुजूर को बनाया गया है। इस कंपनी में आधा दर्जन डीएसपी हैं। पीयूष पांडेय 3 से 13 और विजय आशीष कुजूर 14 से 23 ईको कंपनी तमिलनाडू में तैनात रहेंगे। वहीं, ईको कंपनी 24,25,26,27,28 का प्रभारी एसआईआरबी-2 के समादेष्टा एमेल्डा एक्का को बनाया गया है। इस कंपनी में दो डीएसपी को भी शामिल किया गया है।

कंपनियों में अनुशासन, नियंत्रण के लिए ईको कंपनी प्रभारी समादेष्टा जैप-10 के समादेष्टा पीयूष पांडेय, सीटीसी मुसाबनी के एसपी और आईआरबी-2 के प्रभारी विजय आशिष कुजूर और एसआईआरबी-2 के समादेष्टा एमेल्डा एक्का को बनाया गया है। जबकि जैप-2 के डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी, जैप तीन के डीएसपी सतीश चन्द्र झा, जैप-5 के डीएसपी कपिन्द्र उरांव, जैप-7 के डीएसपी राजेंद्र कुमार दुबे, जैप-8 के डीएसपी मजरूल होदा, आईआरबी-1 के डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह, आइआरबी-5 के डीएसपी गोवर्धन उरांव, एसआईआरबी-5 के डीएसपी किशोर कुमार रजक को भी जिम्मेदारी दी गयी है।

# चौकीदार-दफादार के वेतन और वर्दी भत्ते के लिए ₹14.30 करोड़ आवंटित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चौकीदार-दफादार के वेतन और वर्दी भत्ता के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग 14.30 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए यह राशि आवंटित करते हुए संबंधित जिलों के जिला कोषागार से राशि की निकासी की जायेगी।

गृह विभाग ने जिलों के डीसी को आदेश दिया है कि वह सुनिश्चित करेंगे, चौकीदार-दफादार को वेतन का भुगतान नियत समय पर हो।



खूंटी: 37.11 लाख
रांची: 2.91 करोड़
सिमडेगा: 20.13 करोड़
देवघर: 1.57 करोड़
रामगढ़: 1.36 करोड़
कोडरमा: 57.50 लाख
गढ़वा: 1.02 करोड़
लातेहार: 25 लाख
चाईबासा: 2.51 करोड़
गुमला: 1.36 करोड़
हजारीबाग: 66.61 लाख
चतरा: 51.34 लाख
सराइकेला: 72.58 लाख
कुल: 14.06 करोड़.

चौकीदार और दफादार वर्दी भत्ते के लिए 24.52 लाख की राशि आवंटित

रांची: 8.17 लाख
सिमडेगा: 3.07 लाख
कोडरमा: 4.37 लाख
गढ़वा: 3.92 लाख
चाईबासा: 45 हजार
सराइकेला: 4.52 लाख
कुल: 24.52 लाख

## चुनाव की अनुमति के साथ ही मिलेगी अंचल की कमान, वित्तिय लाभ और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी

# झारखंड के 64 सीआई को प्रोन्नति, बने सीओ

**अधिसूचना जारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 64 सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) को सर्किल अफसर (सीओ) के पद पर पदोन्नति दी है। इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, सीआई के पद पर कार्यरत इन अफसरों को 35,400 रुपये मासिक पे मेट्रिक्स लेवल छह से



53,100 रुपये के मासिक पे मेट्रिक्स लेवल नौ में प्रमोट किया गया है। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि प्रोन्नत हुए अधिकारियों को नव पदस्थापन के बाद पदभार लेने की तिथि से बढ़ी हुई वित्तीय लाभ एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

**इन्हें मिली है प्रोन्नति अब बनेंगे सीओ...**

हिम्मतलाल महतो, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष उरांव, केशव प्रसाद चौधरी, श्रवण कुमार झा, फुलेश्वर साव, संतोष कुमार, रंजीत कुमार रंजन, अनंत शयनम विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार सिंह, मदन कुमार सुमन, रमेश रविदास, औसफ अहमद खां, शैलेश कुमार, कमला कांत वर्मा, मनोहर लिंडा, मनीष कुमार सिन्हा, सुधांशु पाठक, जितेंद्र प्रसाद, देवकांत सिंह, नवीन पूर्ति, अजय कुमार, अनुज टेटे, दिनेश कुमार मिश्र, उपेंद्र कुमार, प्रकाश बेसरा, नरेंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार साहा, विकास पांडेय, सीताराम महतो, जितेंद्र कुमार, उदल राम, अशोक बड़ाईक, सुरेश प्रसाद बर्णवाल, भीखम कुमार, ऋषिकेश मरांडी, अनोज कुमार, कृष्ण चंद्र सिंह मुंडा, श्यामल मांझी, सुनामी मिंज, कप्तान सिंकू, पूर्णिमा मिंज, ऋषिदेव कमल, राजाराम सिंह मुंडा, ऋषि राज, राजकुमार प्रजापति, उमेश्वर यादव, सतीश कुमार, सुशील कुमार तिवारी, विमल कुमार सिंह, लवकेश सिंह, अनिल टूटी, चमरू महली, यशवंत कुमार सिंह, राजेश कुमार, ओमप्रकाश प्रसाद, हरिहर प्रसाद, जयकेश्वर साहू, फणीश्वर कुमार, रुद्र प्रताप साहू, क्रिस्टोफर किड़ो, अभय कुमार और बासुकीनाथ टुडू को प्रोन्नति दी गई है। अब सभी अंचल पदाधिकारी बन सकेंगे। चुनाव आयोग की अनुमति के बाद इनकी पोस्टिंग अंचाल पदाधिकारी या उसके समकक्ष पदों पर की जायेगी।

# सीएस ऑफिस ने विभागों से मांगी बैठकों की कार्यवाही की रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिसंबर 2023 से अब तक हुई विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकों की कार्यवाही की पूरी रिपोर्ट मांगी गयी। इसे लेकर सीएस कार्यालय से सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को पीत पत्र लिखा गया है। लिखे पत्र में 2 अप्रैल तक हर हाल में सारी प्रोसेडिंग भेजने को कहा गया है।

मालूम हो कि वर्तमान मुख्य सचिव एल खियांग्ते सभी बैठकों में लिये गये निर्णय और निर्देशों पर अब तक क्या अनुपालन किया गया है, इसकी पूरी जानकारी से अवगत होना चाहते हैं। राज्य सरकार के समक्ष भी इसकी रिपोर्ट भेजी जायेगी। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में कितना कार्य हुआ है इसकी भी विस्तृत जांच इसके जरिये की जानी है।

इधर, मुख्य सचिव कार्यालय से बैठकों की पूरी कार्यवाही मांगे जाने से विभिन्न विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। वित्तीय वर्ष क्लोजिंग के साथ-साथ बैठकों की कार्यवाही की विस्तृत सूची भी बनायी जा रही है। अधिकारी होम वर्क भी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव सभी समीक्षा बैठकों की कार्यवाही का अवलोकन कर अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

## बकाये भुगतान के साथ राशि भी की जा रही सरेंडर

# मार्च क्लोजिंग : धड़ाधड़ पास हो रहे बिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्तीय वर्ष की क्लोजिंग को लेकर शनिवार को भी राज्य के सभी सरकारी कार्यालय खुले रहे। प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस सचिवालय सहित सभी संलग्न कार्यालयों में अन्य दिनों की तरह अधिकारी-कर्मचारी ऑफिस पहुंचे। कार्मिक विभाग ने पहले ही शनिवार साप्ताहिक अवकाश को रद्द कर दिया था। ऐसे में 10 बजे से ही अधिकांश कर्मी सचिवालय पहुंचने लगे थे। जिला कार्यालयों में भी शनिवार को बिल से जुड़े कार्य किये गये। सर्वाधिक कार्य लेखा कार्यालयों में देखा गया। धड़ाधड़



बिल पास किये गये। महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी राशि की निकासी की गयी। जिनका पेमेंट बकाया है, उसके लिए भी राशि की निकासी कर ली गयी, ताकि उन्हें खाते में भुगतान किया जा सके।

बताते दें कि मार्च क्लोजिंग की वजह से 30 और 31 मार्च को राशि निकासी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर वैसी राशि का सरेंडर किया जायेगा, जिन्हें खर्च नहीं किया जा सकता। पथ निर्माण, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य सहित अधिकांश वर्क्स विभाग के अधिकारी बिल से जुड़े कार्य करते नजर आये। अधिक से अधिक राशि की निकासी के लिए बिल बनाये गये। लंबित ठेकेदारों के बकाये भुगतान के लिए भी बिल स्वीकृत किए गये। रविवार को भी सभी बैंक व ट्रेजरी खोले गये हैं। हालांकि, सरकारी कार्यालयों के लिए कोई आदेश नहीं आया है, लेकिन बिल से जुड़े कार्य करने के लिए कई विभाग खुले रह सकते हैं।

## टेरर फंडिंग मामले में अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शनिवार को चतरा जिले के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपी लावालौंग थाना क्षेत्र के निवासी अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। एनआइए के वर्ष 2018 से जुड़े एक मामले में आरोपी छह जून 2020 से जेल में है। एनआइए ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रार्थी टीपीसी के लिए खनन क्षेत्र से वसूली के माध्यम से नाजायज स्त्रोतों से धन एकत्र करता है। वह अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर स्थानीय व्यापारियों से लेवी वसूलने में संलिप्त था।

# सीसीएल में बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर बनेगी सैलरी, एक अप्रैल से होगा लागू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल में एक अप्रैल 2024 से बायोमैट्रिक प्रणाली को लागू कर दिया गया है, यानि अब बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही कर्मियों का वेतन बनेगा। सीसीएल में अत्याधुनिक बायोमैट्रिक मशीन लगायी गयी है। जिससे कर्मियों को कोई भी असुविधा नहीं होगी और सरल तरीके अपनी उपस्थिति बनायेंगे।

ज्ञात हो कि सीएमडी डॉ. बी. बीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन एवं निदेशक हर्ष नाथ मिश्र के कुशल नेतृत्व में विभागाध्यक्ष नवनीत कुमार एवं विभागाध्यक्ष पीके सिन्हा ने पहल करते हुये श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों से सहमति के साथ बायोमैट्रिक प्रणाली को लागू किया जा रहा है। यह सिस्टम वर्ष 2018 में आरंभ किया गया था लेकिन वैश्विक कोरोना महामारी के कारण इसे बंद कर दिया गया था। यूनियन प्रतिनिधियों ने उपरोक्त पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई की इस सकारात्मक पहल से कर्मियों में अनुशासन और कार्यक्षमता की वृद्धि होगी।

## प्रिंस खान ने सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल को दी धमकी, कहा

# मेरे चूल्हे पर रक्तनीति की रोटी सेंकी जाती है, राजनीति की नहीं

**ऑडियो संदेश में धमकाया**

सिर के सारे बाल उखाड़ दूंगा, बोला-तुम लोगों को गम यही है कि एक महतो को टिकट मिल गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कुख्यात अपराधी प्रिंस खान ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय और धनबाद मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल को धमकी दी है। प्रिंस खान ने एक ऑडियो संदेश जारी कर कहा है कि उसके चूल्हे पर रक्तनीति की रोटी सेंकी जाती है, राजनीति की नहीं। प्रिंस खान ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो के फेवर में एक ऑडियो संदेश जारी कर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय और उनके समर्थक कृष्णा अग्रवाल को सिर के बाल नोच लेने की धमकी दी है। कथित तौर पर यह दावा किया जा रहा है कि यह ऑडियो मैसेज प्रिंस खान का ही है। प्रिंस खान ने सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल को भद्दी-भद्दी गालियां दी है। उसकी धनबाद की राजनीति में एंट्री परोक्ष तरीके से हो ही गई है और माना जा रहा है कि यह एंट्री किसी आपराधिक छवि के शख्स ने ही कराई है।

### क्या है एक मिनट और 19 सेकेंड के ऑडियो में

एक मिनट 19 सेकेंड के इस वीडियो में प्रिंस खान ने सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल को छह बार गालियां दी हैं। ऑडियो संदेश में वह कह रहा है कि अभी अभी मैंने सोशल मीडिया के माध्यम से देखा कि सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल... ये लोग जो चूल्हा पर राजनीति की रोटी सेंक रहे हैं, मेरा नाम लेकर तो मेरा चूल्हा पर सिर्फ रक्तनीति का रोटी सेंका जाता है, राजनीति का नहीं। तूम लोगों को राजनीति करना है तो अपना पार्टी का मुद्दा उठा कर करो। मुझे बीच में मत लाना। नहीं तो तुम लोगों के सर में जो बाल बचा है न दोनों रे टकला ...सरयू राय और कृष्णा अग्रवाल, दोनों से सर से बाल पूरा उखाड़ देंगे, याद रखना। ...(गाली) तुम लोग जनता को (गाली) बनाना। ढुल्लू महतो को टिकट मिल गया तो उसको टिकट मिल गया। तुम लोगों को तो (गाली) गम इस बात का है कि महतो को टिकट मिल गया। (गाली) अपराधी सिर्फ ढुल्लू महतो है रे। इससे पहले जो चार गो नरसंहार करके विधायक जेल में है तो का उ पूजा करके जेल गया है रे। (गाली गाली) मेरे प्रति राजनीति मत करना। समझा। तुम लोग का औकात है रे प्रिंस खान को रोक लेने का। प्रिंस खान को सिर्फ प्रिंस खान रोक सकता है। दोबारा सुन लिये तो समझ लेना, तुम लोगों के सिर का एक भी बाल नहीं बचेगा। देखेंगे कौन तुम लोगों को बचा लेगा। यह ऑडि?ो संदेश प्रिंस खान ने ही भेजा है या उसका नाम लेकर कोई और, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### कौन है प्रिंस खान

बताते चलें कि धनबाद के वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान पिछले साल धनबाद में फर्जी पासपोर्ट बनवाकर खाड़ी देश भाग गया था। कहा जाता है कि अब वह दुबई से अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। उसके गुर्गे कोयलांचल में मर्डर, फायरिंग, बमबारी, थ्रेट कॉल की घटनाओं को अंजाम देकर लगातार रंगदारी की उगाही कर रहे हैं। वह मैसेज जारी कर कारोबारियों को धमकाता है।

**(नोट : ऑडियो इस खबर के साथ संलग्न है। इसमें जो आवाज है, वह प्रिंस खान की है या किसी और की, इसकी पुष्टि खबर मन्त्र नहीं करता है।)**

# कर आतंकवाद के खिलाफ सभी जिलों में कांग्रेस का आज प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची। कर आतंकवाद** के तहत भाजपा के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पर 1823 करोड़ का कर लगाने तथा कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ निकालने और खातों को फ्रीज करने के विरोध में अखिल कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालय में एक अप्रैल 2024 को विरोध प्रदर्शन, मशाल जुलूस, धरना प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारी, प्रदेश नेताओं, वरीय नेताओं, प्रदेश पदाधिकारी को शामिल होने का निर्देश प्रदेश द्वारा दिया गया है। इसके अलावा लोकसभा के लिए घोषित उम्मीदवारों को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है।

# झारखंड प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी बने कैलाश यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्र. सिंह यादव ने कैलाश यादव को पार्टी में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया है। संजय प्र. यादव ने कहा है कि कैलाश यादव जनप्रिय नेता हैं ये पूर्व में भी राजद में कई महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं। उम्मीद है कि श्री यादव अपने अनुभव का इस्तेमाल कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे एवं एक प्रखर वक्ता के तौर पर विपक्ष के जनविरोधी व नकारात्मक कार्यशैली को बेनकाब करने का काम करेंगे।

कैलाश यादव ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, भोला यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, संजय प्र सिंह यादव, सुरेश पासवान, गौतम सागर राणा, राधाकृष्ण किशोर सहित राजद के तमाम नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है और भरोसा दिलाया कि पार्टी के द्वारा मुझे दिए गए दायित्वों को पूरी निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का काम करेंगे।

# बम निरोधक दस्ते के जवानों के बीमा के लिए नहीं मिल रही कंपनियां, झारखंड पुलिस ने फिर निकाला इश्तेहार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बम निरोधक दस्ते के 58 पदाधिकारियों और जवानों के लिए 60 लाख रुपये का बीमा गृह विभाग की ओर से निर्धारित किया गया है लेकिन इसके लिए बीमा कंपनी इश्तेहार प्रकाशित करने के बाद भी नहीं मिल रही है। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मार्च माह में अंदर दूसरी बार इश्तेहार जारी किया है। इससे पहले झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सात मार्च को बीमा को लेकर इश्तेहार जारी किया था, लेकिन बीमा कंपनी नहीं मिलने के कारण पुलिस मुख्यालय ने एक बार फिर 27 मार्च को विज्ञापन जारी किया है। वर्तमान में द न्यू इंडिया इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ झारखंड पुलिस का एक साल के लिए करार है, जिसकी अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही है।



**नक्सल विरोधी अभियान से अलग है ये बीमा :** बम निरोधक दस्ते के 58 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा। पुलिस मुख्यालय ने प्रति सदस्य 2950 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया है। यह बीमा नक्सल विरोधी अभियान से अलग है। नक्सल विरोधी अभियान के लिए बीमा पहले से लागू है। पुलिस मुख्यालय ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) के लिए योजना बनायी थी। मुख्यालय का तर्क है कि बम निरोधक दस्ते को नक्सल अभियान के अलावा भी आकस्मिक बम जांच, आईईडी जांच, औचक निरीक्षण या प्रशिक्षण के क्रम में कोई नुकसान पहुंचेगा तो इस बीमा का उसको लाभ मिलेगा। एग्रीमेंट के मुताबिक, बम निष्क्रिय ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के घायल, निशक्तता या बलिदान होने की स्थिति में संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक चिकित्सा, निशक्तता या मृत्यु बीमा के लिए दावा एकरारनामे में बताये गये निर्देशों के तहत होगा।

### किस स्थिति में कितना मिलेगा बीमा का लाभ

मृत्यु की स्थिति में 100 प्रतिशत, स्थाई रूप से नि:शक्तता में 100 प्रतिशत और दो अंगों की क्षति होने पर (जैसे दोनों आंखें या फिर एक आंख व एक अन्य अंग नष्ट होने पर) भी 100 प्रतिशत बीमा राशि मिलेगी। एक अंग या एक आंख नष्ट होने पर 50 प्रतिशत राशि मिलेगी। स्थायी रूप से हल्का निशक्त होने पर आईआरडीए के नार्म्स के अनुसार राशि मिलेगी। जख्मी होने पर निजी या सरकारी अस्पताल में इलाजरत रहने पर अधिकतम 20 लाख रुपये, पुलिसकर्मी की मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों की शिक्षा के लिए प्रति बच्चा दो लाख और बम निष्क्रिय करने के दौरान मृत्यु होने पर शव ले जाने के लिए 50 हजार दिया जायेगा। वहीं बम निष्क्रिय के लिए जाते वक्त सड़क हादसा होने पर मृत्यु की स्थिति में 20 लाख रुपये व जख्मी स्थिति में इलाज के लिए 7.50 लाख मिलेंगे।

# सरहुल में घर-घर लगायें सरना झंडा : शिवा

## केंद्रीय सरना संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई । बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरहुल पूजा का आयोजन पारंपरिक सांस्कृतिक रीति रिवाज एवं धूमधाम से किया जाएगा। 09अप्रैल को उपवास, 10 अप्रैल को पूजा और 11 अप्रैल को जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में पारंपरिक रीति रिवाज, ढोल नगाड़ों और मांदर के साथ शोभायात्रा में महिलाएं लाल पाड़ की साड़ी और पुरुष धोती-गंजी का प्रयोग करेंगे। 12 अप्रैल को सभी घरों में फुलखोसी की जाएगी।

सरना धर्म के लोग अपने-अपने घर में सरना झंडा अवश्य लगाएं और सरहुल शोभायात्रा में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को तख्ती लेकर चलें।, नशापान नहीं करें, हड़िया को प्रसाद के रूप में लें और अपने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य गीत करते हुए मुख्य सरना स्थल सिरोम टोली अवश्य पहुंचेंगे। बैठक में राज्य सरकार से मांग की गई कि सरहुल में तीन दिन का राजकीय अवकाश दिया जाय। साथ ही सरहुल शोभायात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हो, सभी अखड़ा और सरना स्थलो की साफ - सफाई हो, हर चौक चौराहों पर पुलिस बल, बिजली, शौचालय एवं चिकित्सक की समुचित व्यवस्था की जाए।

बैठक का संचालन संगीता गाड़ी ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगीता गाडी, सती तिर्की, अनीता उरांव, शोभा तिर्की, बसंती कुजूर, भानू उरांव, गुड्डू उरांव, पार्वती लकड़ा इत्यादि उपस्थित थे।


# मारपीट के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट करने के मामले में हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने आरोपी मो समीर उर्फ नायक उर्फ सद्दाम, कांटाटोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस बाबत ई-रिक्शा चालक मो जाहिद ने हिंदपीढ़ी थाने में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में अपराधियों की धर पकड़ के लिये टीम गठित की गयी। गठित टीम में हिंदपीढ़ी थानेदार बाबूराम भगत व पुलिस की टीम शामिल थी। गौरतलब हो कि ई-रिक्शा चालक मो. जाहिद पर सद्दाम और उसके सात-आठ दोस्तों ने रॉड से हमला कर दिया था। हमले में मो जाहिद का हाथ फ्रै^ चर हो गया था।

## श्रीराम जानकी मंदिर में भागवत कथा आज से



**रांची।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से 7 अप्रैल तक श्रीराम जानकी मंदिर हाउसिंग कालोनी बरियातू में आयोजित किया जा रहा है। संगीतमयी कथा व्यास पंडित दीनानाथ शरण वृंदावन के द्वारा संध्या 7 से 10 बजे तक होगा। काशी से आचार्य कन्हैया द्विवेदी, कमलाकर द्विवेदी, अंबुज शुक्ला और कमलेश त्रिपाठी है। इस कथा आयोजन में विभा सिह, प्रतिमा सिंह, जय सिंह, पुनीत, शैलेश सिंह, प्रत्युष का सहयोग है। ये जानकारी पंडित रामदेव पाण्डेय ने दी है।

## श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष बने संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा



**रांची।** श्री महावीर मंडल गोंडा केंद्रीय समिति की एक बैठक शनिवार को डोरंडा शिशु सदन में आयोजित की गई। पुरानी कमेटी को भंग कर नहीं कमेटी का चुनाव कराया गया। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में मनोज वर्मा मनोनीत किए गए। उनके नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ ।जिसमें सर्वसम्मति से 2024 25 के लिए संजय पोद्दार को अध्यक्ष मंत्री पप्पू वर्मा को बनाया गया। इस अवसर पर संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सहित सैकड़ो की संख्या में अन्य सदस्य मौजूद थे।

## 178 वाहन चालकों का काटा गया चालान

**रांची।** रांची में यातायात को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नो हेलमेट, नो डीएल, ब्लैक शीशा और अवैध रूप से पार्किंग किये गये वाहनों का चालान किया गया। यातायात पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान में लगभग 178 लोगों के विरूद्व चालान काटा गया और 18 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गयी। अभियान का नेतृत्व डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी कर रहे थे।

# जीएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक शनिवार को एसएस मेमोरियल कॉलेज में हुई। इसकी अध्यक्षता दीपक दुबे ने की। बैठक में संगठन मजबूती एवं विस्तारीकरण पर चर्चा किया गया। बैठक में राज्य सरकार की विफलता पर भी बात की गई। जीएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की गई। साथ ही राज्य सरकार के 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता इत्यादि में वादाखिलाफी पर भी चर्चा किया गया तथा आने वाले समय में छात्र एवं युवा एकजुट हो कर संघटन मजबूती और लोकसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में युवा एवं छात्र को एकजुट करने पर बल दिया। बैठक के दौरान पूर्व एबीवीपी एवं एनएसयूआई की नेत्री हनी कुमारी ,युवा नेता करन पाठक ,प्रशांत पाठक एवं अन्य ने आजसू की सदस्यता ली। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा,दीपक दुबे ,अश्विन पंडित , हर्ष उरांव, करण सिंह, प्रमेश लोहारा,अश्विनी केसरी , सुमित उरांव इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## सरयू के खिलाफ राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने खोला मोर्चा, कहा

# दम है तो सरयू राय धनबाद लोस सीट से चुनाव लड़ कर देख लें

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** पर्यावरणविद् एवं भ्रष्टाचारी विरोधी होने का खोल ओढ़कर सरयू राय दरअसल जातिवादी, सामंतवादी और पिछड़ा विरोधी मानसिकता के हैं। यह बातें शनिवार को प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन हरमू में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वैश्य पिछड़े वर्ग से आने वाले नेता अधिकारी जब-जब आगे बढ़ने लगते हैं, तो सरयू राय को पेट में दर्द उठने लगता है। और उसी पेट दर्द में पिछड़ा वर्ग से आने वाले नेता लालू यादव, मधु कोड़ा, रघुवर दास, बन्ना गुप्ता के आदि के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के ऊपर फर्जी आरोप लगाए जाने का कारण उनके ऊपर मंत्री बन्ना गुप्ता ने एफआईआर दर्ज भी कराया है। फिर भी वे अनर्गल आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। अगर सरयू राय में दम है तो वे धनबाद लोकसभा सीट लोक सभा चुनाव लड़ कर देख लें। उनकी पिछड़ा विरोधी जातिवादी सामंतवादी होने के कारण ओबीसी वर्ग उनकी जमानत जप्त करा देगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को दिक्कत इस बात का है कि सरयू राय सिलेक्टेड पर्यावरणविद् और भ्रष्टाचार विरोधी है। पर्यावरण के नाम पर दामोदर बचाओ अभियान नहीं दाम दो अभियान चलाते हैं। मेरा सवाल है कि भ्रष्टाचार में लिप्त सिर्फ ओबीसी और आदिवासी वर्ग के है? क्या अन्य वर्ग में सब पाक साफ है। उनके वर्ग के ऊपर सीबीआई के केस चल रहे हैं। कई रंगदारी, हत्या आरोपी हैं। अपहरण के आरोप हैं। अपने वर्ग नेता के विरुद्ध सरयू राय कभी विरोध या अपनी जुबान इस पर नहीं खोलतें हैं। वैसे अधिकारी जो भ्रष्टाचार में उनके जाति के लिप्त हैं, पर्यावरण के नुकसान पहुंचा रहे है। उनके विरुद्ध तो यह अभियान आवाज नहीं बुलंद करते हैं। इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इनको सलाह देता है कि आप सिलेक्टेड न होकर जो भ्रष्टाचार में लिप्त हो और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, जो किसी भी वर्ग का हो अभियान चलाइए । राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आपके साथ रहेगा। यदि आप सिलेक्टेड रूप से काम करेंगे जातिवाद से प्रेरित होकर काम करेंगे सामंती मानसिकता, पिछड़ा विरोधी मानसिकता में काम करेंगे तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पुरजोर विरोध करेगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, अजय मेहता, दिलीप वर्मा, शुभम विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दि आर्ट ऑफ लिविग के कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे भजन गायक विक्रम हाजरा




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दि आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड चैप्टर के द्वारा गुरुनानक स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम सॉन्ग फॉर द सौल में प्रसिद्ध भजन गायक विक्रम हाजरा आज अपनी प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान ऑट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक ऋषि ने दी। उन्होंने बताया कि संस्थान आदिवासी बच्चों को निशुल्क शिक्षा देती है। इस कार्यक्रम से जो हमे आर्थिक सहयोग मिलेगा उसे संस्थान आदिवासी बच्चों के शिक्षा पर खर्च करेगी। इस मौके पर भजन गायक विक्रम हाजरा ने अपने लोकप्रिय भजन अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरं राम नारायणं जानकी वल्लभं... भजन भी सुनाया। कार्यक्रम गुरुनानक स्कूल ऑडिटोरियम में आज संध्या 6 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रवेश पत्र उपलब्ध है।

प्रवेश पत्र के लिए 8797779174 पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण, सर्मिस्था, प्रोफ डेविड, प्रोफ ज्योतिका, पी न सिंह, संगीता, निखिल, सुमिता, ऋषि, आर्ट ऑफ लिविंग झारखण्ड प्रदेश के अपैक्स मेंबर्स एवं स्टेट कौंसिल मेंबर्स रामचंद्र बरनवाल, सहेंद्र कुमार सिन्हा, रविंद्र, टुलु सरकार एवं आर्ट ऑफ लिविंग के राज्य शिक्षक मौजूद थे।

# एसबीयू और सीयूटीएम के बीच एमओयू शैक्षणिक आदान प्रदान व शोध परामर्श होगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, भुवनेश्वर के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक और सीयूटीएम की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक ने भुवनेश्वर में एमओयू पर हस्ताक्षर किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक तथा प्रशासनिक पहलुओं का आदान प्रदान होगा। इस अवसर पर सीयूटीएम परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीयूटीएम की ओर से संस्था के डीन और विभिन्न विभागाध्यक्ष शामिल हुए। एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने इस अवसर पर आधुनिक विश्व में लगातार बदलती तकनीक के व्यापक इस्तेमाल की बात कही। अकादमिक उत्कृष्टता की चर्चा करते हुए उन्होंने इस तरह के एमओयू की आवश्यकता पर जोर दिया। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए एमओयू पर हर्ष व्यक्त किया है।

## श्याम मंदिर में श्री श्याम भंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 105 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के राजेंद्र पसारी आनंद पसारी नितीन पसारी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया अनिल नारनौली पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव मित्तल, वेद भूषण जैन, पप्पू अभिषेक, सरावगी कौशल सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# बावरी फिरकी ने किया समर सॉड़री फैशन एक्सीविशन का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बावरी फिरकी द्वारा दो दिवसीय समर सॉइरी फैशन एक्सीविशन का आयोजन स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगराटोली में शनिवार को किया गया। आज एक्सीविशन की शुरूआत मुख्य अतिथि आदित्य विक्रम जयसवाल ने किया। जहां आयोजकों द्वारा उनको सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने सभी लगे स्टालों का भ्रमण किया और उद्यमियों से मुलाकात किया। इस मौके पर स्वेता अडुकिया, रेखा अग्रवाल, श्वेता टिकमानी एवं शालिनी ने मुख्य अतिथि को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि कोलकाता से शुरू हुई बावरी फिरकी की सह-संस्थापक स्वाति बाजोरिया और शिल्पा झावर ने रांची के मेजबानों के साथ मिलकर भारतीय शिल्प कौशल और डिजाइन का एक यादगार प्रदर्शन किया।

श्वेता अडुकिया ने बताया कि इस कार्यक्रम को रांची के लोगों से अपार प्यार और समर्थन मिला, और उपस्थित लोगों को अगले संस्करण का बेसब्री से इंतजार था। प्रदर्शनी में उचित मूल्य पर उत्पाद पेश करने वाले घरेलू ब्रांडों को दिखाया गया, जो सुलभता और गुणवत्ता के मूल्यों के अनुरूप थे। रेखा अग्रवाल ने बताया कि बावरी फिरकी एक वार्षिक जीवनशैली प्रदर्शनी है जो भारतीय शिल्प कौशल और डिजाइन का जश्न मनाती है, जो कारीगरों और डिजाइनरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और समझदार दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करती है। मौके पर कृष्णा सहाय,संजीव महतो मौजूद थे।

# डीएवी कपिलदेव में अभिभावकों के लिए समन्वयन कार्यक्रम

## डीएवी के कई स्कूलों में हुए कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में शनिवार को नर्सरी, एल के जी, यूकेजी, वर्ग एक तथा दो के अभिभावकों के लिए समन्वयन कार्यक्रम का आयोजन किया। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिक्षिका अर्पणा सिंह ने इस अवसर पर अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे निरंतर बच्चों की डायरी की जांच करें। विद्यालय या शिक्षक द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें।

मौके पर एस के राणा, एन झा, पीएन झा, संजय सिंह, विनीता वर्मा, अर्पणा सिंह, प्रिया राहा, मेनका रंजन, जयीता नियोगी, ज्योति समेत कई अन्य शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## डीएवी हेहल में बच्चों का वेदारंभ संस्कार

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में नए सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं (नर्सरी से दूसरी तक के लिए वेदारम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को विद्यालय के बहुद्देश्यीय सभागार में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 'महाहवन' से हुआ। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ हवन कुण्ड में आहुतियाँ प्रदान करते हुए अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की। विद्यालय के प्राचार्य-सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' के संजय कुमार मिश्रा ने नवागंतुकों के नाम अपने संदेश में कहा कि हमारी वैदिक परंपरा के अनुसार जब बच्चे गुरुकुलों में अपने आचार्य के पास शिक्षा प्राप्ति के लिए जाते थे तब उनका सोलह संस्कारों में से एक संस्कार 'वेदारम्भ संस्कार' हुआ करता था। हम भी वही वैदिक परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं और अपने यहाँ पढ़ने वाले विद्यार्थियों का वेदारम्भ संस्कार कराकर विद्या, बुद्धि की कामना करते हैं।

## डीएवी हेहल में शिक्षकों के लिए दो-दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला

**रांची।** डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के शिक्षा विभाग सी०ए०ई०के तत्त्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी एवं जोन-'जे' के शिक्षकों के लिए दो- दिवसीय 'क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक एमके सिन्हा,प्राचार्य डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल सह एआरओ, जोन-बी के सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस दो-दिवसीय कार्यशाला से प्राप्त विशिष्ट ज्ञान को कक्षा में विद्यार्थियों में सम्यक रूप से वितरित करें।

## श्री राम वानर सेना की वार्षिक बैठक,नई कमिटी का हुआ गठन



**रांची।** श्री रामनवमी मोहत्सव धूमधाम से मनाने हेतु श्री राम वानर सेना की वार्षिक बैठक प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में शनिवार को बैठक हुई। मेन रोड राँची में सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो कि इस प्रकार है। संयोजक - सूर्यनारायण दास त्यागी जी महाराज,संग्रक्षक - राजीव रंजन मिश्रा , राजीव चटर्जी , हरिनारायण सिंह , ऋषिनाथ शाहदेव , संजय सहाय अध्यक्ष - लंकेश सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष - मंटू लाला,महासचिव - पवन कुमार झा,कोषाध्यक्ष - चुटुन पांडेय,प्रवक्ता - सुनील सिंह सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## समय संवाद

भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी को न केवल युवा अपना रहे हैं बल्कि शिक्षित बुजुर्ग भी इसमें पीछे नहीं हैं। जी20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत को सार्वजनिक सेवाओं की बड़े पैमाने पर डिलीवरी के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई थी। इन्फोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणी का भी कहना है कि भारत ने अपने अनोखे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नई डिजिटल पूंजी के सहारे पिछले 10 साल में वह कर दिखाया, जिसमें पारंपरिक तरीके से पांच दशक लग जाते।

# भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर

**जयंतीलाल भंडारी**

**भारतीय** अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बनी है, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था। हाल ही में इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटर-नेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) और वैश्विक उपभोक्ता इंटरनेट समूह प्रोसेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की वैश्विक रैंकिंग में अब भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे नंबर का सबसे बड़ा देश बन गया है। ऐसे में अब भारत के आम आदमी की डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए गांवों व पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल साक्षरता, स्टूडेंट्स के लिए स्कूलों-कॉलेजों में अच्छा डिजिटल कौशल, प्रशिक्षण, सस्ते स्मार्टफोन, इंटरनेट की निर्बाध कनेक्टिविटी और बिजली की सरल आपूर्ति जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने से भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। इसी प्रकार डिजिटल भुगतान में भारत विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। बीते वर्ष 2023 में देश में कुल डिजिटल भुगतान यूनिफाइड पेमेंटस इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी बढ़कर 80 फीसदी के करीब पहुंच गई है। यूपीआई लेनदेन की संख्या महज छह साल में 273 गुना बढ़ी है। वर्ष 2017 में 43 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए थे वर्ष 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 11761 करोड़ हो गई।

गौरतलब है कि इक्रियर द्वारा डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हुई यह स्टडी कनेक्ट, हार्नेस, इनोवेट, प्रोटेक्ट और सस्टेन जैसे पांच महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर आधारित है। इन पैरामीटर्स पर भारत ने 39.1 स्कोर किया है, जबकि पहले क्रम पर स्थित अमेरिका ने 65.1 और दूसरे क्रम पर स्थित चीन ने 62.3 स्कोर किया है। एक उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत ने डिजिटल युग में छलांग लगा दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट नेटवर्क वाला देश है।


भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में वैश्विक मंच पर चमक रहा है। 50 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। डिजिटलीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी में मदद की। आईएमएफ द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट विश्व आर्थिक परिदृश्य में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद डिजिटलीकरण भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। सरकारी योजनाओं के तहत बिचौलियों के भ्रष्टाचार को रोकने, काम के भौतिक रूपों व सरकारी कार्यालयों में लम्बी कतारों से राहत और घरों में आराम से मोबाइल स्क्रीन पर कुछ क्लिक करके विभिन्न सेवाओं, सुविधाओं और मनोरंजन की सहज उपलब्ध सुविधाएं हैं। डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत ने अमेरिका, यूके और जर्मनी जैसे बड़े देशों को पीछे कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई द्वारा वर्ष 2022 से प्रायोगिक स्तर पर खुदरा क्षेत्र में ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) एक सीमित उपयोगकर्ता समूह (सीयूजी) के बीच जारी की गई थी। प्रायोगिक तौर पर जारी यह डिजिटल मुद्रा फिलहाल लोगों के बीच आपसी लेनदेन तथा लोगों और व्यापारियों के बीच के लेनदेन की सुविधा देती है जिसमें डिजिटल रुपये वाले वॉलेट का इस्तेमाल किया जाता है। अब रिजर्व बैंक ने प्रस्ताव रखा है कि इस मुद्रा की प्रोग्रामेबिलिटी को ऑफलाइन आजमाया जाए जिससे न केवल डिजिटल मुद्रा को अपनाने के मामले बढ़ेंगे बल्कि सार्वजनिक नीति संबंधी लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल के विस्तार के साथ ही, धोखाधड़ी की आशंकाएं भी बढ़ी हैं। धोखाधड़ी में साइबर लुटेरे ही नहीं, बल्कि कई बड़ी संस्थाएं भी लगी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023 में बैंकिंग प्रणाली में कुल 13,530 धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में से लगभग 49 प्रतिशत डिजिटल भुगतान-कार्ड या फिर इंटरनेट श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। अतः डिजिटल आधारित बैंकिंग की दुनिया में सौ फीसदी विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु रणनीतिक प्रयत्न जरूरी है।

# समाज में प्रेम से ही देश मजबूत होगा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षो तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)

# समुद्र शास्त्र क्या कहता है?

**सामुद्रिक** शास्त्र अनुसार किसी भी व्यक्ति के शरीर पर मौजूद अंगों की बनावट और आकार को देखकर उसके भविष्य और व्यक्तित्व के बारे में पता लगाया जा सकता है। सामुद्रिक शास्त्र की रचना समुद्र ऋषि ने की थी, इसलिए इसे सामुद्रिक शास्त्र कहा जाता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं भौहों की बनावट के बारे में, जिसके आधार पर आप भी किसी व्यक्ति की भौहों की बनावट से ही उसके जीवन का आकलन कर सकते हैं। साथ ही उसके नेचर और व्यक्तित्व को जान सकते हैं। आइए जानते हैं।

**भौंहें हों अगर जुड़ी हुई**

सामुद्रिक शास्त्र अनुसार जिन लोगों की भौहें आपस में जुड़ी हुई होती हैं। वे लोग दूरदर्शी और दिमाग के तेज होते हैं। साथ ही ऐसे लोग थोड़े स?वार्थी किस्म के होते हैं और हमेशा अपनी उन्नति के बारे में सोचते हैं। ये लोग स्वभाव से थोड़े चालाक प्रकृति के होते हैं। ये लोग हर काम को दिमाग लगाकर करते हैं।

**अगर काले रंग की हों भौहें**

जिन लोगों की भौहें गहरे काले रंग की होती हैं, ये लोग किस्मत के धनी होते हैं। साथ ही कला के जानकार होते हैं। ये लोग करियर को गंभीरता से लेते हैं और कम उम्र में ही अच्छी सफलता हासिल कर लेते हैं। ये खूब मान-सम्मान पाते हैं।

साप्ताहिक राशिफल 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022: सूर्य ग्रह ने किया गोचर, सिंह और कुंभ राशि वालों को मिलेगा किस्मत का साथ, जानें बाकी राशियों का हाल

**अगर भौहें हों ऊंची- नीची**

आपने कुछ ऐसे लोग देखें होंगे, जिनकी भौंहें थोड़ी ऊंची-नीची होती हैं। ऐसे लोग के पास हमेशा ही पैसे की तंगी रहती है। साथ ही ये लोग क्रोधी स्वभाव के भी होते हैं। लेकिन ये लोग मिलनसार होते हैं। साथ ही मेनहती भी होते हैं। लेकिन इनको किस्मत का कभी साथ नहीं मिलता है।

**घनी भौंहों वाले लोग**

सामुद्रिक शास्त्र मुताबिक जिन लोगों की आइब्रो बहुत घनी होती हैं, ये लोग पैसों की सेविंग करने में माहिर होते हैं। साथ ही ये लोग अपने राज जल्दी नहीं खोलते। साथ ही ये लोग अपनी बातों से सामने वाले को जल्दी इंप्रेस कर लेते हैं।

# बदलते मौसम में दमकता रहे चेहरा



बदलता है हवा का रुख तो अंदर तक ताजगी भर जाती है, लेकिन इस शीतल हवा में मौजूद बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु त्वचा की रंगत को फीका कर सकते हैं। वहीं बारिश के पानी में प्रदूषण के कारण सल्फेट, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स नमी में शामिल हो जाते हैं। ये बालों को कमजोर कर देते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उनके सिर में फंगस लगने से डैंड्रफ का खतरा बढ़ जाता है। आखिर क्या करें कि मानसून में भी दमकता रहे चेहरा और आप रहें खिली-खिली, आइए जानते हैं...

**क्लेंजिंग करें**

बारिश में त्वचा के इंफेक्शन से बचना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से चेहरे को धोएं और उसकी क्लेंजिंग करें। डीप पोर क्लेंजर का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। साथ ही अल्कोहल फ्री टोनर का उपयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

**सनस्क्रीन लगाएं**

इस मौसम में निकलने वाली धूप स्किन को कम नुकसान नहीं पहुंचाती। सनबर्न और टैनिंग आम परेशानियां हैं, जिनसे सभी को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा, बाहर निकलने से पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर एसपीएफ पावर वाला मैटीफाइंग सनस्क्रीन लगाएं।

**वॉटरप्रूफ मेकअप करें**

अमूमन हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में स्किन टेक्सचर को देखते हुए ही मेकअप करें। मानसून में हमेशा ड्राई फिनिश का मेकअप करना अच्छा रहता है। इस मौसम में ब्राइट की बजाय वॉटरप्रूफ मेकअप सही रहेगा। मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें।

**बालों में करें रेगुलर शैंपू**

बारिश में नियमित रूप से शैंपू करना चाहिए। इसके अलावा हफ्ते में दो बार हेयर स्पा अवश्य करा लें। इससे बालों की कंडिशनिंग हो जाती है। आप बेशक बालों में तेल लगाने से बचती हों, लेकिन इस सीजन में सप्ताह में एक बार नारियल या ऑलिव ऑयल से सिर की मालिश करें।वर्तमान समय में मौसम में बदलाव और भारी ठंड में कमी से चेहरा सबसे अधिक प्रभावित होगा। हमें अपने चेहरे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मांसपेसियों की मजबूती



**जीवीएस शास्त्री**

**फिट** फिगर के लिए जरूरत है मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बनाने की और पिलेटीज मांसपेशियों को मजबूत बनाकर सांस की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है। यह एक तरह की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है।

स्टेप 1 एक्सरसाइज बॉल के जरिये टमी कम करने में मदद मिलती है। अपने बायीं ओर एक्सरसाइज बॉल रखें। अब बाएं पैर को सामने की ओर मोडें। ध्यान रखें कि दायां पैर पीछे की ओर होना चाहिए। अब बाएं हाथ पर बॉल रखें। कोहनियों को थोडा मोडें। अपने दाएं हाथ को सामने लाएं। बॉल को एक हाथ से दूसरे हाथ में ले जाएं। 2-4 सेकंड रुकें और फिर उसी अवस्था में आ जाएं। स्टेप 2 पीठ के बल लेट जाएं। दोनों हाथ साइड में रखें लेकिन हथेलियों को जमीन से टिकाएं। धीरे-धीरे पैर उठाएं और पंजों को सिर के ऊपर लाने की कोशिश करें। कंधों को आराम दें और पैरों को फिर से सीधा कर लें।

स्टेप 3 पेट के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोडा फैलाएं। बॉल को सीने से दबाएं और हाथों को जमीन पर टिकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर बढना शुरू करें। ध्यान रखें कि हथेली जमीन से टिकी रहनी चाहिए। ऐसा 5-7 मिनट तक करें। थोडी देर रुकें और वापस उसी स्थिति में आ जाएं।

ये हैं फायदे...

मांसपेशियां बनेंगी स्ट्रॉन्गः इससे शरीर के जोड और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। रीढ की हड्डी के लिए तो यह बहुत जरूरी है लेकिन स्पाइन में कोई समस्या हो तो बिना डॉक्टर की सलाह के ये व्यायाम न करें।


कमर दर्द में भी लाभकारीः पिलेटीज के जरिये हाथ-पैरों को स्ट्रेच करके कमर दर्द से छुटकारा मिल सकता है। स्ट्रेचिंग से आप कमर और हिप्स की मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

थकान होगी दूरः दिन भर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पिलेटीज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। इससे थकान दूर होती है और ऊर्जा स्तर मेंटेन रहता है।

सूजन होगी गायबः पैरों में मूवमेंट होने से शरीर में रक्त संचार बढता है। इससे शरीर में सूजन या ऐंठन से राहत मिलती है।

# राजनीतिक बेरोजगारों का दर्द न जाने कोय

**सहीराम**



**यह** ठीक है जी कि बेरोजगारी बहुत है और इस बेरोजगारी से परेशान युवा आंदोलित भी बहुत हैं। बल्कि सीख देने वाले तो यह भी सीख देंगे कि यही मौका है राजनीतिक पार्टियों और नेताओं को घेरने का, उनके सामने अपनी आवाज उठाने का और उन्हें चेतावनी देने का। पर यारो उनका भी दर्द समझो जो इधर नए-नए बेरोजगार हो रहे हैं। हम तो पुराने बेरोजगार हैं। हमें तो आदत है बेरोजगार रहने की। माता-पिता से लेकर रिश्तेदारों तक की कड़वी बातें सुनने की, उनके तिश्ने-ताने सुनने की, उनकी शिकायतें और उलाहने सुनने की।

लेकिन यह नए हैं। उन्हें आदत नहीं है बेरोजगारी सहने की, उपेक्षित होने की। भले ही यह कल तक हमारे बेरोजगार होने का उपहास उड़ाते थे, बेरोजगारों की अनदेखी करते थे, उनसे बचके रहने की कोशिश करते थे। बल्कि कई बार तो कोशिश उन्हें ठगने की भी होती थी। लेकिन हम उन जैसे नहीं हो सकते। वे नेता हैं, वे नए-नए बेरोजगार हुए हैं। अभी सदमे में हैं। हम तो आम जन हैं। उन्होंने हमारा दर्द नहीं समझा तो क्या हुआ, हम उनका दर्द समझ सकते हैं। हमें समझना भी चाहिए। अगर हम नहीं समझेंगे तो हममें और उनमें फर्क क्या रह जाएगा।

हमें उम्मीद है कि पांच साल बाद बेरोजगार होकर अब उन्हें अग्निवीरों का दर्द समझ में आ जाएगा। अब पता चल रहा है कि फौज में ही नहीं, राजनीति में भी अग्निवीर योजना आ चुकी है। पहले कंपनियों और फैक्टरियों में छंटनी होती थी, अब राजनीति में भी छंटनी होती है। अब चुनाव आते हैं तो नेता बेरोजगार हो जाते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि अब उन्हें मजदूरों का दर्द समझ में आ जाएगा। किसानी के बारे में कहा जाता है कि सालभर मेहनत करने के बाद भी किसान को भरोसा नहीं होता कि फसल घर आ जाएगी। अब पांच साल बाद नेता को भी भरोसा नहीं रहता कि वह फिर टिकट पा जाएगा। उम्मीद करनी चाहिए कि अब उन्हें किसानी का दर्द समझ में आ जाएगा।वैसे तो आजकल नौकरियां लगती ही नहीं हैं, कुछ उम्मीद बंधती है तो पेपर लीक हो जाते हैं।

फिर भी अगर पांच हजार उम्मीदवारों मे से जब पांच चुने जाते हैं तो दूसरों को कैसा महसूस होता होगा, उस दर्द को अब नेता भी समझ सकेंगे। पांच साल तक जिसे यह लगता रहा कि वह सातवें आसमान पर है, वह अचानक धरती पर आ गिरता है। पता चलता है जी कि टिकट कट गया। टिकट कटना काफी खराब मुहावरा है।

बड़े-बड़े मंत्रियों संतरियों के टिकट कट जाते हैं। वे बेरोजगार बनकर रह जाते हैं। बेरोजगार इसे अपना अपमान न मानें। उन्हें प्रतिद्वंद्वी भी न मानें। हो सके तो उनका दर्द समझें।

# चीते के पास नहीं था 32 का खाता

## व्यंग्य

**मनोज शर्मा**

बिल्ली प्रजाति के सभी जानवरों को जूलॉजिकली फेलिस या पैंथेरा कहते हैं। जैसे घरेलु बिल्ली को ₹फेलिस डोमेस्टिकस, बाघ को पैंथेरा टाइग्रिस, तेंदूए को पैंथेरा पारडस, सिंह को पैंथेरा लियो , जगुआर को पैंथेरा ओंका। लेकिन चीता बेचारा विडालवंशी होते हुये भी जूलॉजिकल नाम के मामले में भी अलग थलग पड़ गया चीते को "एसाइनोनिक्स जुबेटस" कहा जाता है इसके नाम में न फेलिस है न पैंथेरा।ये आरक्षण से वंचित रहा। इनकी एक और रेयर किस्म की प्रजाति भी है जो गोल चित्ती के बजाय चौकोर गाढे ,स्टाइलिश चित्ती वाली भी होती है ,पर इसे बहुत कम लोग जानते हैं ये खतियानी नहीं हो पाये। जहांगीर ने अपने किताब में नीली चित्तीदार चीते का भी उल्लेख किया है वो नस्ल होता तो आज परग्रही श्रेणी में आता? उसे भारतीय भी नहीं माना जाता।

चीते के पास न 32 का खतियान था न कोई आरक्षण ।इस पर आरोप लगा कि ये सबसे तेज दौड़ता है इसलिये इसे खतियान और आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस कारण से इसका शिकार लकड़बग्घे, शेर, जंगली कुत्ते और तो और गिद्ध ,सियार भी छीन लेते हैं। क्योंकि तेज दौड़ कर किसी को भी यह मार गिराता है, पर हांफ कर थक जाता है।

अब उन नासपीटे राजा महाराजाओं को भी गरियाना चाहिये जिन्होंने नीरीह शेर ,चीते,बाघ को अपने लाव लश्कर समेत घेर कर बंदूक से मार मार कर खत्म कर दिया। इनके शवों के साथ फोटो खिंचवा कर महल के दीवारों पर तो ऐसे टांगे जैसे अकेले निहत्थे इन जानवरों को कुश्ती लड़ कर मार गिराये हों? अगर अकेले खाली हाथ इन शेर चीतों बाघों यहां तक कि सियारों से भी निबटते तो ढेरे राजा महाराजा लोगों की तस्वीरें दिवंगत होकर दीवार पर टंग जाती इस कैप्शन के साथ कि .... फलां जगल में गीदड़ से लड़ते हुये आदमचिल्ली बना कर फलां सियारों का निवाला बने। एक फोटू आजकल टीवी में देखते हैं कि फलां राजा ने भारत के आखिरी तीन चीतों का शिकार किया उसके बाद भारतमें चीते विलुप्त हो गये।

राजा महाराजा भी विलुप्त हो गये पर मोदी जी के लिये एक एतिहासिक मौका भी बना गये। आज मोदी जी इन गैर खतियानी गैर आरक्षित चीतों को भारत में अफ्रिका से लाकर पुनर्वास करा रहे हैं। मैं बतौर एक संरक्षणवादी और प्रकृति प्रेमी मोदी जी के इस कदम से प्रसन्न हूं। मैं समझता था कि पीएम को कुटनीति, देश के विकास ,देशी विदेशी शत्रुओं से निबटने में ही इतना ऊर्जा लगता होगा कि जंगल, प्रकृति, जीव जंतुओं, पर्यावरण के ऊपर उनका ध्यान कहां जाता होगा? पर मैं गलत था। अब विपक्ष और विरोधियों को वो राग अलापना शुरू करना चाहिये कि देश महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है और ये अफ्रिका से तेज सबसे तेज दौड़ने वाला खादु चीता लाकर इवेंट करवा रहे हैं।

(लेखक व्यंग्यकार और ग्रीन रिवोल्ट अखबार के संपादक हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बदलते मौसम में शहद -लहसुन के सेवन से लाभ

**स्वामी मुक्तरथ**

शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

**सुबह खाली पेट खाएं शहद में डूबा हुआ लहसुन, वजन कम होने के साथ मिलेगें ये फायदे**

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक?टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।



शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

**वजन करे कम**

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।

**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

**गले की खराश**

शहद और लहसुन में एंटी- इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

**पाचन तंत्र को रखें फिट**

लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**फंगल इंफेक्शन**

शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

**कोलेस्ट्राल को करे कम**

लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीगक से होने लगता है।

**दांत को रखें हेल्दी**

लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है। लहसुन-शहद पेस्ट बनाने का तरीका

इस रेसिपी को लाइफस्टाइल कोच ल्यूक कॉटिन्हो ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

## प्रकृति का कहर




साभार कार्टून मूवमेंट

# झारखंड में रेलवे की बढ़ती आधारभूत ढांचा और सुविधाएं

**मनोज कुमार सिन्हा**

**रांची रेलवे** अपने यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है, झारखंड में रांची रेलवे डिवीजन ने कई परियोजनाएं शुरू की हैं जो धीरे-धीरे आकार ले रही हैं।

हटिया-बोनडामुंडा रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना के पूरा होने पर कुछ वर्षों में झारखंड और देश के दक्षिणी-पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच रेलवे कनेक्टिविटी बेहतर होने की संभावना है। 1,924 करोड़ रुपये की परियोजना, जिसे 2016 में केंद्र की मंजूरी मिली, 50% पूरी हो चुकी है। "158 किमी की परियोजना का बाकी काम इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।"

सिल्ली और इलु रेलवे स्टेशनों के बीच 5.9 किमी ट्रैक के पूरा होने के बाद रांची और जमशेदपुर के बीच यात्रा का समय भी कम होने की उम्मीद है। इस ₹परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन और डीपीआर (डी टेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के लिए कुल 7 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

जमशेदपुर जाने वाली ट्रेनों को इंजन रिवर्सल के लिए मुरी में 30 मिनट तक नहीं रुकना पड़ेगा और वे चांडिल के रास्ते टाटानगर के लिए रवाना हो सकेंगी। इसके अलावा, रेलवे बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में मुरी और बरकाकाना रेलवे स्टेशनों को जोड़ने वाले एक अलग ट्रैक को भी मंजूरी दी है।

रांची और हटिया रेलवे स्टेशनों को 2025 तक विकसित किया जाएगा। 447 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा रांची रेलवे स्टेशन किसी भी समय लगभग 12,000 यात्रियों को संभालने के लिए सुसज्जित होगा।

प्रमुख परियोजनाएँ

केंद्र की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रांची रेलवे डिवीजन के अंतर्गत 18 रेलवे स्टेशनों पर। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 12 रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास की आधारशिला रखी, जिसका उद्देश्य रेलवे क्रॉसिंग पर भीड़ कम करना है।

मोदी जी ने 12 मार्च को रांची से तीसरी वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जो राज्य की राजधानी को उत्तर प्रदेश के मंदिरों के शहर वाराणसी से जोड़ती है। 2023 में दो अलग वंदे भारत ट्रेनें.

रांची को पटना और हावड़ा से जोड़ने का काम शुरू किया गया। हालांकि इस साल जुलाई में एक और वंदे भारत ट्रेन के पुरी से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यात्री ऊंचे टिकट किराए को लेकर संशय में हैं। टिकट अत्यधिक हैं-

एकदम उच्च, 1,500 रुपये से लेकर 2,700 रुपये तक। व्यवसायियों और वेतनभोगी वर्ग के एक वर्ग को छोड़कर, झारखंड जैसे आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों में बहुत से लोग वंदे भारत ट्रेनों का खर्च वहन नहीं कर सकते। इससे झारखंड में ₹हमें डर है कि ट्रेनों में यात्रियों की संख्या कम हो सकती है। लंबी दूरी की ट्रेनों में खराब स्वच्छता और परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी चिंताएं हैं। आम यात्रियों और वीआईपी ने प्रमुख ट्रेनों में बदबूदार शौचालयों, गंदे लिनन और बासी भोजन को चिह्नित किया है।

इस महीने की शुरूआत मेंरेलवे ने अपनी नीति में बदलाव किया है, जिसके तहत आईआरसीटीसी ट्रेनों के समूहों को भोजन परोसने के लिए एक बेस किचन स्थापित करेगा। ₹नई नीति लागू होने के बाद हम भोजन में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं। क्या आप वास्तविक रेलवे बोगियों में भोजन का अनुभव लेना चाहते हैं? फिर, जल्दी से कुछ खाने के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन के दूसरे



प्रवेश द्वार पर स्थापित रेस्तरां ऑन व्हील्स पर जाएँ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च को चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले पहले रेस्तरां ऑन व्हील्स का उद्घाटन किया। 'रेल कोच रेस्तरां ऑन व्हील्स' नाम की पहल का उद्देश्य सेवानिवृत्त या निंदाग्रस्त कोचों को एक रेस्तरां में बदलना है जहां लोग भोजन का अनोखा अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। हवा वातानुकूलित रेस्तरां चौबीस घंटे सेवा प्रदान करता है

विभिन्न व्यंजनों की पेशकश करने वाली सेवा। टाटानगर रेलवे चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले चाईबासा और आदित्यपुर में ऐसे और भी रेल कोच रेस्तरां खुलने वाले हैं।

'रेल कोच रेस्तरां ऑन व्हील्स' नाम की पहल का उद्देश्य रेस्तरां में बदलना है जहां लोग भोजन का अनोखा अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। हवा वातानुकूलित रेस्तरां चौबीस घंटे सेवा प्रदान करता है

विभिन्न व्यंजनों की पेशकश करने वाली सेवा। टाटानगर रेलवे यह जनता और रेलवे दोनों के लिए फायदे की स्थिति है। भविष्य में चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले चाईबासा और आदित्यपुर में ऐसे और भी रेल कोच रेस्तरां खुलने वाले हैं। यह अवधारणा न केवल भारतीय रेलवे की विरासत को बढ़ावा देती है, बल्कि आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देती है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है।

यह पांच साल का टेंडर है जिसे बाद में नवीनीकृत किया जाएगा। साथ ही, यह रेलवे के लिए राजस्व सृजन का एक तरीका है। यह पहल पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की अवधारणा को बढ़ावा देती है क्योंकि बहुत सारे पुराने कोंचो को हटा दिया जाता है। यह एक नया विकल्प भी बनाएगा। हमारे लिए बहुत सारी ब्रांडिंग।

**एक नजर में-**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए झारखंड में रेलवे आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन

7,234 करोड़।

झारखंड में चल रही आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं का शुद्ध मूल्य

40,000 करोड़।

**विस्टा डोम कोच---**

1 (रांची-गिरिडीह स्पेशल एक्सप्रेस)

झारखंड में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किये जाने वाले स्टेशनों की संख्या

57 विश्व स्तरीय सुविधाओं और यात्री सुविधाओं से युक्त एक विशाल समागम होगा। स्टेशन बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, यात्रा संबंधी सभी प्रकार की जानकारी के लिए साइनेज और डिजिटल डिस्प्ले से सुसज्जित होगा।

स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज होगा जो सबसे चौड़ा है। गोड्डा आखिरकार रेलवे मानचित्र पर कैसे आ गया?

मासिक आधार पर गोडा जिले को देश के रेलवे मानचित्र पर अपना स्थान मिला जब गोड्डा हंसदिका लाइन को अप्रैल 2021 में रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा शुरू किया गया था।

वर्तमान में, 16 साप्ताहिक लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें बीर नई दिल्ली, मुंबई, डिब्रूगढ़ में चलती हैं, क्योंकि नई दिल्ली जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अप्रैल 2021 में खराब हो गई थी। 15 ट्रेनों में से, नौ गोड्डा से निकलती हैं।

**सुदूर गंतव्यों को जोड़ें**

753 करोड़ की लागत से बिछाई गई 380 मोहनपुर मन्सडीहा पटरियों ने गोड्डा हनाडीहा खंड पर रेलवे परिचालन को बढ़ावा दिया।

इसके अलावा गोड्डा और देवघर के लिए एसी ट्रेन की शुरूआत से लोगों को मंदिर शहर बाबाधाम तक जाने में मदद मिली,

केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा वित्त पोषित 1,000 डॉलर की लागत से हसडीहा गोड्डा लाइन को पीरपैंती तक बढ़ाया जाएगा, ₹हनोदिहा-गोड्डा लाइन को 2011 में रेलवे द्वारा मंजूरी दी गई थी। गोड्डा से ट्रेन सेवाओं में सुधार होगा स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति दें और स्थानीय किसानों और व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करें। करोड़ों रुपये की कई रेलवे परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। निराश' धनबाद महानगरों से सीधा जुड़ाव चाहता है हालांकि धनबाद रेल मंडल भारतीय रेलवे का सबसे अधिक राजस्व पैदा करने वाला मंडल है, लेकिन धनबाद के लोग काफी निराश हैं क्योंकि रेलवे बोर्ड दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे के लिए सीधी ट्रेनों की उनकी एक दशक पुरानी मांग को पूरा करने में विफल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 मार्च को अपने धनबाद दौरे के दौरान हावड़ा-दिल्ली मार्ग पर रेल यातायात को कम करने के लिए सोन नगर और अंडाल के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन की आधारशिला रखी। 305 किमी लंबी रेल लाइन में धनबाद रेल मंडल के तहत प्राद-हनखुंटा से बंधुआ तक 200 किमी शामिल है।

इसके अलावा, सरकार ने अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के हिस्से के रूप में डिवीजन के तहत 15 रेलवे स्टेशनों के री-मॉडलिंग के लिए धन मंजूर किया है। हालांकि धनबाद रेल स्टेशन के पुनर्विकास की योजना को अभी मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन रेलवे सूत्रों ने कहा कि धनबाद जंक्शन को 500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से हवाई अड्डे की तरह विकसित किया जाएगा।

# मोदी की रैली में जयंत के साथ रहेंगे 'राम'

**डॉ प्रभात ओझा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरूआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे। दोनों पिता-पुत्र मजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले



भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है।

प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है। इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है।

मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे। गोविल ने अपने जमाने के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम का रोल निभाया था। देखा जाए तो इस धारावाहिक के अलावा अरुण गोविल को फिल्म अथवा छोटे परदे पर बहुत जगह नहीं मिली। इस तरह वह लोगों की नजर से अंतर्ध्यान ही रहे किंतु अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम का हर प्रतीक महत्वपूर्ण लगने लगा है। भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी इस अवसर को इसकी चर्चा के बिना जाने देंगे, यह मुमकिन नहीं लगता। तो जाट-मुस्लिम गठजोड़ तोड़ने के साथ ही हिंदू मतों का ध्रुवीकरण मेरठ रैली का मूल मकसद होगा। पूरे उत्तर भारत में इस प्रयोग को अमल में लाने की तैयारी है।

**(लेखक, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# मदरसा शिक्षा पर गहराते संकट के मायने को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**

**हाल** ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया और कहा कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ भी है, जो संविधान के मूल ढांचे का अंग है। यही वजह है कि हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को योजना बनाकर इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया। इससे एक बात साफ हो चुकी है कि अब उत्तरप्रदेश में सरकारी सहायता प्राप्त 560 से अधिक मदरसों पर ताला लगेगा।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट में याचिकाकर्ता अंशुमान सिंह राठौड़ ने मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केंद्र व राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से किये जाने के औचित्य पर सवाल उठाए थे। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बोर्ड धार्मिक शिक्षा दे रहा है, पर राज्य सरकार को ऐसी शिक्षा देने का संवैधानिक अधिकार है। धार्मिक शिक्षा और निर्देश देना, वर्जित या अवैध नहीं है। हां, यह बात अलग है कि ऐसे धार्मिक शिक्षा के लिए अलग से बोर्ड जरूरी है, जिसमें उसी धर्म के लोग हों।

बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि मदरसा अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों व शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करता है, जो संविधान की मूल संरचना है। उन्होंने सवालिया लहजे कहा कि मदरसों में इसे दीनी तालीम तक सीमित कर दिया गया है, जो छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। वहीं, बोर्ड में सिर्फ मुस्लिम सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। जस्टिस विवेक चौधरी व जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खण्डपीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए इस कानून को अधिकार से परे (अल्ट्रावायर्स) भी बताया। इसलिए सरकार का यह फर्ज बनता है कि ऐसे सभी प्रावधानों की पड़ताल करे और जनहित में सबकी एकरूपता सुनिश्चित करे। ऐसा किया जाना भारतीय धर्मनिरपेक्षता के हित में होगा। हालांकि, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि 20 साल बाद इस कानून को असंवैधानिक करार दिया गया है। इसमें कहीं चूक हुई है। हमारे वकील कोर्ट के समक्ष मामले को सही तरीके से नहीं रख सके। इस प्रकार स्पष्ट है कि उत्तरप्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद अगर अनुदानित मदरसे बन्द कर दिए जाते हैं तो वहां कार्यरत करीब 10,200 शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा। बता दें कि वर्तमान में मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त तहतानिया कक्षा 1 से 5, फौकानिया कक्षा 5 से 8 और आलिया व उच्च आलिया स्तर यानी हाई स्कूल या इससे ऊपर के लगभग 16,460 मदरसे हैं। जिनमें मुंशी मौलवी हाई स्कूल समकक्ष, आलिम इंटर समकक्ष, कामिल स्नातक और फाजिल परास्नातक के समकक्ष पढ़ाई होती है। इन मदरसों को संचालित करने के लिए वर्ष 2004 में बने मदरसा एक्ट को हाई कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। जिसके बाद मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है। वहीं, इस बारे में मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डॉ प्रियंका अवस्थी ने बताया कि मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त 16,460 मदरसों में 13 लाख 83 हजार 107 विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। वहीं, इनमें शामिल 560 अनुदानित मदरसों में 1 लाख 92 हजार 317 विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लिहाजा, हाई कोर्ट के आदेश के बाद मदरसों के शिक्षा पा रहे इन 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य पर अंधेरा छा गया है।गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश में 25,000 मदरसे हैं। जिनमें मदरसा बोर्ड से 16,512 को मान्यता प्राप्त है। उनमें से 560 को सरकारी सहायता मिलती है। वहीं, लगभग 8500 मदरसे बिना मान्यता प्राप्त हैं। उच्च न्यायालय का यह फैसला ऐसे वक्त पर आया है, जब राज्य सरकार के निर्देश पर एसआईटी राज्य में अवैध मदरसों की जांच कर रही है। इन मदरसों को विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद की जांच के लिए पिछले साल अक्टूबर में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। इसकी जांच में अबतक 13000 मदरसे अवैध पाए गए हैं, जिन्हें बन्द करने की तैयारी चल रही है।

# लेफ्ट' जेएनयू से जेएनयू तक

**आरके सिन्हा**

**जवाहरलाल** नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में वामपंथी छात्र संगठनों को सफलता मिलने के बाद जिस तरह से कुछ कथित बुद्धिजीवी कहे जाने वाले विद्वानों ने सोशल मीडिया में टिप्पणियां की हैं, उन्हें हास्यास्पद ही माना जाएगा। इन विद्वानों ने लेफ्ट पार्टियों के उम्मीदवारों की कामयाबी को आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजों से भी जोड़ा। यहां तक कह दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे आने वाले हैं। जेएनयू में अध्यक्ष समेत सभी चारों सीटों पर वामपंथी दलों के छात्र संगठनों और उनके समर्थित उम्मीदवारों को जीत मिली है। जिस जेएनयू में करीब 5 हजार विद्यार्थी पढ़ते हों उसके छात्रसंघ के नतीजों को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखना मूर्खता नहीं, तो क्या है।

हैरानी तो इस बात की है कि जेएनयू के नतीजों पर अपनी राय रखने वाले कुछ माह पहले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजों की पूरी तरह अनदेखी कर गए। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर कब्जा जमाया था। एक पद पर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को भी जीत मिल थी। जहां सारे जेएनयू में करीब पांच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के अकेले दयाल सिंह कॉलेज में 8 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि छात्रों की संख्या के स्तर पर जेएनयू कितना छोटा सा शिक्षण संस्थान है, दिल्ली विश्वविद्यालय की तुलना में।

दरअसल वामपंथी विचारधारा और लेफ्ट दल पूरी तरह से भारतवर्ष में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सब दल तैयारी कर रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, वहां लेफ्ट दलों की तरफ से कोई हलचल तक नजर नहीं आ रही है।

2014 के लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 11 सीटें ही मिलीं। पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनावों में माकपा या भाकपा को एक भी सीट नहीं मिली। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साफ संदेश दे दिया था कि देश के मतदाताओं ने लेफ्ट दलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन नतीजों के बाद लेफ्ट पार्टियों के सीताराम येचुरी, डी.राजा और वृंदा करात जैसे नेता सिर्फ संवाददाता सम्मेलनों और सेमिनारों में ही नजर आते हैं। अपनी पहचान बचाने के लिये



पूरी तरह से संघर्षरत नजर आते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीते दिनों शराब घोटाले में हिरासत में लिया गया तो डी.राजा और उनकी पार्टी भाकपा के कुछ नेता तुरंत केजरीवाल के सरकारी घर में उनकी पत्नी से मिलने पहुंच गए। वहां उन्होंने खबरिया चैनलों को बाइट दी और बस हो गई उनकी क्रांति।

लेफ्ट दलों के मौजूदा नेता कभी किसी जन आंदोलन का हिस्सा तक नहीं होते। हां, वे किसी आंदोलन से अपने को मौके के अनुसार जोड़ लेते हैं। जब कुछ किसान एमएसपी को लेकर आंदोलनरत थे, तब लेफ्ट दलों के नेता उनके पास मंच में जाकर बैठने लगे थे। इन नेताओं के विपरीत गुजरे दौर के लेफ्ट दलों के नेता जैसे हरिकिशन सिंह सुरजीत, नम्बुदिरीपाद, इंद्रजीत गुप्त, ज्योति बसु, चतुरानन मिश्र, रामावतार शास्त्री, भोगेन्द्र झा वगैरह काफी जुझारू हुआ करते थे। उन्हें जमीनी हकीकत की बेहतर जानकारी थी।

वैचारिक मतभेदों के बावजूद ईएमएस नम्बुदिरीपाद की सादगी और विद्वता का सब सम्मान करते थे। वह 1978 में माकपा के महासचिव बने तो उन्हें पार्टी ने राजधानी के 20 जनपथ की कोठी दी रहने और काम करने के लिए। वह 20 जनपथ में तब तक रहे जब तक वह माकपा के महासचिव के तौर पर दिल्ली में रहे। जब हरकिशन सिंह सुरजीत महासचिव बने तब ईएमएस त्रिवेंद्रम चले गए। बिहार माकपा के नेता और ईएमएस के सहयोगी रहे श्री भगवान प्रसाद सिन्हा बताते हैं कि ईएमएस सुबह पांच बजे उठ जाते थे। प्रातःकाल की सैर के साथ वह साइकिल से व्यायाम करनेवालों में से भी थे। उसके बाद वे अखबार पढ़ते, नाश्ता लेते और ठीक आठ बजे पार्टी दफ्तर जो पटेल चौक के समीप 14, अशोक रोड पर था जाने के लिए तैयार हो जाते। ईएमएस को चलने में कठिनाई थी। लेकिन, चाहे घर 20 जनपथ में या चाहे दफ्तर 14, अशोक रोड में वे चाय पीने के बाद कप धोने के लिए दो कमरे को पारकर किचेन रूम तक पहुंच जाते। वे कम्युनिस्ट होते हुए भी राजनीति में गांधी जी की तरह एक सादा जीवन जिए, सारी जमीन जायदाद पार्टी को दान कर दी। भारत की राजनीति में यह बहुत बड़ी बात मानी जाती है।

पर अब ईएमएस जैसे नेता लेफ्ट दलों के पास रहे कहां ? सच्चाई तो यह है कि अब लेफ्ट पार्टियां पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा से निकलकर सिर्फ जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी तक सिमट गई हैं। वहां के छात्रसंघ के चुनाव जीतकर इन्हें ऐसा लगता है कि इन्होंने सर्वहारा की देश में क्रांति कर दी या करने ही वाले हैं। देश ने इनका पहली बार वीभत्स चेहरा देखा 1962 में चीन से जंग के वक्त। तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा) ने राजधानी के बारा टूटी चौक में चीन के समर्थन में एक सभा तक आयोजित करने की कोशिश की थी। यह अलग बात है कि स्थानीय जनता के भारी विरोध के कारण भाकपा की सभा नहीं हो सकी थी। कुछ वर्ष पूर्व इन्हीं लेफ्ट दलों का ह्लपोस्टर ब्वायह्व कन्हैया कुमार ने जेएनयू छात्रसंघ का चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में उसे बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अपना उम्मीदवार भी बनाया था। वह चुनाव में बुरी तरह से हार गया था। उसके बाद उसने कांग्रेस का रुख कर लिया। यह वही कन्हैया कुमार है, जिसने भाकपा में रहते हुए भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप तक करने के आरोप लगाए थे।

कन्हैया कुमार जब चुनाव लड़ रहे थे उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। यह सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार 2024 के चुनाव कांग्रेस की टिकट पर फिर चुनाव लड़ सकता है। कुल मिलाकर बात यह कि लेफ्ट दलों के लिए भारतीय राजनीति में स्पेस तेजी से सिकुड़ता जा रहा है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# गमगीन माहौल में व्यवसायी की पत्नी ज्योति अग्रवाल की हुई अंत्येष्टि

- ज्योति अग्रवाल की हत्या के विरोध में मुखर हुआ सिंहभूम चेंबर
- ज्योति अग्रवाल हत्याकांड का उद्भेदन 72 घंटे में हो : चेंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





ज्योति अग्रवाल की शवयात्रा, शवयात्रा के दौरान बिलखते परिजन और बिलखती बेटी।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार की रात साढे नौ बजे चांडिल एनएच पर ढाबे से खाना खा कर परिवार संग लौट रहे जमशेदपुर के व्यापारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की सरेआम गोली मारकर हत्या से शहर के व्यापारिक हलको में रोष एवं भय का माहौल है। सोनारी आस्था स्पेस टाउन निवासी कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति की अंत्येष्टि आज दोपहर पार्वती घाट पर कर दी गयी।

यद्यपि ज्योति का शव पोस्टमार्टम के पश्चात दोपहर 12 बजे तक घर आ चुका था किन्तु ज्योति के मायके वालों के बवाल काटने से अंत्येष्टि के लिए शवयात्रा पौने चार बजे ही निकल पायी। मायके वालों को अंदेशा है कि रवि ने ही साजिश कर ज्योति की हत्या करवा दी है। इस आरोप के पश्चात दोनों पक्षों के बीच हाथापायी तक हो गईं। काफी समझाने-बुझाने पर शवयात्रा निकली।

दूसरी ओर, इस लोमहर्षक घटना के विरोध में जमशेदुपर के व्यवसायियों एवं उद्यमियों की एक बैठक सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में चैमबर भवन में संपन्न हुई जिसमें उपस्थित लोगों ने इस घटना की तीव्र निंदा की। बैठक को संबोधित करते हुये सिंहभूम चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि यह घटना जमशेदपुर के व्यवसायिक माहौल के लिये न सिर्फ एक शर्मनाक घटना है अपितु जिला प्रशासन के लिये चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि व्यवसायी रवि अग्रवाल को एक माह पूर्व रंगदारी का पत्र मिला था जिसकी सूचना उन्होंने सीतारामडेरा थाना में दी थी। यदि समय रहते संबंधित पुलिस पदाधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया जाता तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि व्यापारी रवि अग्रवाल ने रंगदारी की घटना के संदर्भ में सिंहभूम चैम्बर के पदाधिकारियों को कभी कोई जानकारी नहीं दी। यदि समय रहते सिंहभूम चैम्बर के संज्ञान में ये बातें आती तो शायद इस अप्रिय वारदात से बचा जा सकता था। उन्होंने व्यापारियों ने आग्रह किया कि ऐसी घटना किसी भी व्यापारी के साथ घटे तो सिंहभूम चैम्बर को इससे जरूर अवगत करायें। सिंहभूम चैम्बर पहले भी व्यापारियों के साथ खड़ा था, आज भी खड़ा है और कल भी खड़ा रहेगा।

बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों के सुझाव पर जिला प्रशासन से यह मांग की गई कि 72 घंटों के अंदर इस हत्याकांड का उद्भेदन हो एवं इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जाय। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षों मुरलीधर केडिया, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया, अशोक भालोटिया, चैम्बर उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने भी बैठक को संबोधित करते हुये अपना रोष प्रकट किया और मामले का जल्द से जल्द उद्भेदन करते हुये संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। बैठक के पश्चातृ चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने सूबे के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता जी, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम अनन्य मित्तल, भा.प्र.से, एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल, भापु.से. से मिलकर ज्ञापन दिया एवं हत्याकांड का 72 घंटे के अंदर उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# कदमा में तेंदुआ की पहचान के लिए देहरादून और पलामू से पहुंचे विशेषज्ञ

- 48 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग, पर वन विभाग अलर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




बायो डावर्सिटी पार्क आज भी बंद रहा और पार्क के भीतर गश्त करते वनकर्मी व टाटा स्टील के सिक्योरिटी जवान।

**जमशेदपुर।** कदमा के बायो डायवर्सिटी पार्क में 48 घंटे बाद भी तेंदुए का पता नहीं चल पाया है। आज जंगली तेंदुए की पहचान एवं उसके पकड़े ने के उपाय को मार्गदर्शन देने के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट, देहरादून और पलामू टाइगर रिजर्व से पांच विशेषज्ञों की टीम जमशेदपुर पहुंची। यह टीम जमशेदपुर की डीएफओ ममता प्रियदर्शी के आग्रह पर आई है ताकि विशेषज्ञों की मदद से पार्क में देखे गए जानवर की पहचान की जा सके और उसे पकड़ने के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकें।

देहरादून से डा अहमद की नेतृत्व में विशेषज्ञ आये हैं। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि आज दिन भर पार्क में तेंदुए की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया किंतु असफलता हाथ लगी। यहां तक तेंदुए का पद चिन्ह और उसका मल मूत्र भी देखने को नहीं मिला। विशेषज्ञों की निगरानी में पार्क के भीतर 10 12 जगह पर ट्रेकिंग पैड लगाये गये हैं। इसके अलावा आज भी पिंजरे में मोटे-ताजे चिकन रखे गए ताकि भूख लगने पर तेंदुआ उसे खाने आए। इतना ही नहीं तेंदुए की प्यास बुझाने के लिए तीन-चार जगह पर वन विभाग ने पानी भी रखवा दिया है। इन सभी जगह पर हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं और वहां तेंदुआ आते ही उसकी तस्वीर कैमरे में कैद हो जाएगी।

डीएफओ ममता प्रियदर्शी के निर्देश पर मानगो के फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर दिग्विजय सिंह ने तीनों शिफ्ट में 8-8 वन रक्षियों को पार्क के भीतर तैनात किया है ताकि वे तेंदुए पर नजर रख सके। इतना ही नहीं वन विभाग में बायोडायवर्सिटी पार्क के आसपास के इलाकों को भी निगरानी में लिया है और आम लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है।

खासकर लोगों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखना को कहा गया है। वन विभाग में कहा है कि वह अभी कुछ दिनों तक बायोडाटा पार्क और उसके आसपास के इलाकों में अलर्ट मोड में रहेगा।

## पेट्रोल भराने सड़क पार कर रही बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंदा

- महिला की मौत, तीन घायल

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** अपनी बेटी जोबा सिंह मुंडा को परीक्षा दिलाने सिंहभूम कॉलेज चांडिल जा रहे ईंचागढ के पाटपुर निवासी गुरुचरण सिंह मुंडा चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 कुरली के पास पेट्रोल भरने सड़क पार कर रहे बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान ईचागढ़ के पाटपुर निवासी आशा लता सिंह मुंड़ा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जोबा सिंह मुंडा हिंदी ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। बाइक पर गुरचरण सिंह मुंडा के अलावा उनकी पत्नी आशा लता सिंह मुंडा, बेटी जोबा सिंह मुंडा और उसकी बेटी का छह माह का दुधमुंहा बच्चे था। इस घटना में जोबा सिंह मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गई। गुरुचरण सिंह मुंडा और छह माह का बच्चा सुरक्षित है।

## खबर मन्त्र की खबर का हुआ असर गोवर्धन मंडल को पार्टी से शो कॉज

**दो दिन के अंदर जवाब देने, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी**



**सिंदरी।** दैनिक अखबार खबर मन्त्र में शुक्रवार को छपी 'झामुमो में रहकर भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो का करेंगे समर्थन' शीर्षक खबर ने शनिवार को असर दिखाया। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का समर्थन करने का दावा करने वाले झामुमो कार्यकर्ता गोवर्धन मंडल को शो कॉज कर दिया है। इसके पहले भी झामुमो के धनबाद जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने अनुशासनहीनता के सवाल पर उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी।

पार्टी के धनबाद महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान ने शनिवार को गोवर्धन मंडल के नाम पत्र जारी कर दो दिनों में अपना पक्ष रखने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इधर गोवर्धन मंडल ने कहा कि केन्द्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी से बात कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा था कि पार्टी की छवि धूमिल नहीं होने दी जाएगी। सभी की मेहनत से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक मुकाम हासिल किया है और किसी भी कार्यकर्ता के कारण इसे बर्बाद होने नहीं दिया जा सकता है। पार्टी अनुशासन से चलती है और अनुशासनहीनता कभी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बताते चलें कि झामुमो सिंदरी नगर पूर्व संयुक्त सचिव गोवर्धन मंडल ने भाजपा से सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो के आवास पर जाकर उनका स्वागत किया था। इसी बात पर झामुमो की ओर से शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।

# झारखंड की सभी 14 सीटों पर खिलेगा कमल: बाबूलाल मरांडी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पहुंचे जमशेदपुर
- क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी भी पहुंचे जमशेदपुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



भाजपा के जमशेदपुर कार्यालय में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी।

**जमशेदपुर।** आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर मंथन हेतु शनिवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांगठनिक चर्चा के संग चुनावी कार्यों की रूपरेखा बनायी गयी। भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रविवार को सरायकेला जिले के संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेने से पूर्व शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय पहुंचे।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल को एनएबीएच से उत्कृष्टता सर्टिफिकेट

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, (बीएनएच) तामोलिया, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ, बैंगलोर की एक इकाई) को नर्सिंग उत्कृष्टता के लिए अपनी हालिया प्रशंसा की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। संस्थान को असाधारण नर्सिंग देखभाल और रोगी कल्याण के प्रति समर्पण की मान्यता के लिए एनएबीएच (भारतीय गुणवत्ता परिषद का संविधान बोर्ड) द्वारा नर्सिंग उत्कृष्टता से सम्मानित किया गया है। इस संबंध में फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर रोमांचित हैं, जो हमारी नर्सिंग टीम के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों का प्रमाण है। रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है और इस मान्यता के योग्य है। नर्सिंग अधीक्षक रूपा मिंज ने कहा कि हमें अपनी नर्सों पर बेहद गर्व है जो हमारे मरीजों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए लगातार आगे बढ़ती हैं। ष्यह पुरस्कार उनके समर्पण, विशेषज्ञता और करुणा का प्रतिबिंब है। मालूम हो कि यह पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग प्रथाओं, निरंतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा वितरण में नवाचार को प्राथमिकता देने के लिए हॉस्पिटल के चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डालता है।

# आया लोकतंत्र का त्योहार, जमशेदपुर है पूरी तरह तैयार...




रवींद्र भवन में सेल्फी खिंचवाते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल।

- 25 मई 2024 के रिकॉर्ड 100 मीटर बैनर के साथ ग्रूप फोटो रहा खास आकर्षण
- डीसी, डीडीसी ने ईएलसी और वीएएफ पार्टनर के साथ ली सेल्फी
- आसमान में गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविन्द्र भवन परिसर में स्वीप पार्टनर्स के साथ कई गतिविधि संचालित कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि सबकी भागीदारी चुनाव में आवश्यक है, 'फर्क पड़ता है आपके एक वोट से' के महत्व पर बल दिया गया । साथ ही अपील किया गया कि 25 मई को शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव प्रक्रिया के तहत लोगों को मतदाता सूची में जुड़ने के लिए अपने-अपने संस्थानों और आवासीय परिसर में कई तरह की गतिविधि संचालित करने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान रविन्द्र भवन सभागार में आया लोकतंत्र का त्योहार, जमशेदपुर है तैयार... 25 मई 2024 के रिकॉर्ड 100 मीटर बैनर के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त सहित सभी ने ग्रूप फोटोग्राफी कराई । वहीं परिसर में मतदाता जागरूकता संदेशयुक्त ट्राई कलर गुब्बारे को आसमान में उड़ाया गया। वहीं सेल्फी प्वाइंट भी खास आकर्षण का केन्द्र जहां सभी ने सेल्फी खिंचायी। मोबाइल स्टीकर, रंगोली के माध्यम से भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समेत तमाम लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होते हुए अपना हस्ताक्षर दर्ज कराया और सभी जिलेवासियों से आगामी चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही।

## स्पीड न्यूज



### साकची उवि का प्लेटिनम जुबिली समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** साकची हाई स्कूल का प्लेटिनम जुबिली उपलक्ष में साकची हाई स्कूल का प्रांगण में विगत एक वर्ष से विभिन्न कार्यक्रम किया गया। अब शनिवा को इस कार्यक्रम समाप्ति घोषणा की गई है। समापन समारोह में चार चांद उस वक्त लगा जब विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष श्री विकाश मुखर्जी महोदायका सुपुत्र श्रीमान विप्लब मुखर्जी प्रबंध निदेशक ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड और पुत्री श्रीमती मौमिता मुखर्जी निर्देशक ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड जमशेदपुर ने विद्यालय के विकाश के लिए विद्यालय कोष में 8,42,000/ अमूल्य योगदान दिए। स्कूल के पूर्व छात्रा समाज सेवी पूरबी घोष ने श्री विकाश मुखर्जी और उनके सुपुत्र श्री विप्लव मुखर्जी को अंग वस्त्र दे कर तथा मनोरंजन सरकार ने पुष्प स्तबक दे कर सम्मानित किए।विद्यालय प्रबंधन समिति के ओर से विशेष आभार प्रकार किए। 23 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगी और 15 अप्रैल से क्लास शुरू होगी।

### महिला इंटक की समीक्षा बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** शनिवार आदित्यपुर स्थित महिला इंटक के कार्यालय में पिछले हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर समीक्षा बैठक उपाध्याक्ष नूरजहां और भारती सिंह कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता मे हुई कौन से कार्य अच्छी तरह से निपटाये गये और कौन से कार्य में त्रुटि हुई है जिसे सुधारने की जरूरत है जैसे मुद्दों पर पर चर्चा की गयी और आगे इस पर ध्यान दिया जाये। उसे आगे सुधार जाए इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नूरजहां खान, झारखंड की कार्यकारिणी अध्यक्ष भारती सिंह, मीडिया प्रभारी सह सचिव शशि आचार्य, आशा सिंह, माया चौबे, रीना सिंह उपस्थित थी।

### एमजीएम अस्पताल में सोनी ने कराया भोजन

**जमशेदपुर।** शनिवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एमजीएम अस्पताल में रह कर इलाज करा रहे मरीज के अभिभावक, रिश्तेदार व अटेंडर के बीच समाजसेवी सोनी मिश्रा और रमन राज मिश्रा ने अपने हाथों से जरूरतमंद लोगों के बीच फल, ब्रेड, केला और फ्रूट केक का वितरण 500 लोगों के बीच किया। सोनी मिश्रा ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुशी का इजहार किया और उन्होंने कहा ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्यों के बारे में मैं पढ़ती रहती थी आज मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच इस तरह की सेवा करने का मौका मिला।

### आईआईटी, आईएसएम को बेस्ट तकनीकी संस्थान का खिताब



**धनबाद।** एचपीसीएल ग्रीन आरएंडडी सेंटर, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की ओर से 27 मार्च को बेंगलुरू में आयोजित प्रतियोगिता में आईआईटी, आईएसएम को बेस्ट तकनीकी संस्थान का खिताब मिला है। सभी आईआईटी, एनआईटी, सीएफटीआई आदि ने 600 से अधिक आइडियाज प्रस्तुत किए, जिसमें आईआईटी आईएसएम के विचारों को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इसके लिए संस्थान के डीन प्रो आलोक के दास और प्रो एजाज अहमद को कार्यकारी निदेशक की अनुपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। उन्हें 10 हजार रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। संस्थान के डीन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक दुनिया में छात्रों के नवीन विचारों को प्रोत्साहन देना ह, जिनमें बढ़ती ऊर्जा की मांग, पर्यावरण का संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम के नये उपाय और बढ़ती उपभोक्तावाद जैसी चुनौतियां शामिल है।

## एक नजर में

### सामर्थ्य की महिलाओं का होली मिलन संपन्न



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट ने आदित्यपुर में होली मिलन समारोह मनाया। सभी सदस्यों ने आपस में अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा कि नई सदस्य अनीता मरुवदा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम एवं स्वादिष्ट पकवान सभी ने खाये। मौके पर अनीता, जूली सिंह, रंजीता जायसवाल, मंजू सिंह, कमलेश सिंह, मीरा तिवारी एवं वंशिका आदि भी उपस्थित थीं।

### महायज्ञ के 43वें वार्षिकोत्सव का समापन आज



**जमशेदपुर।** श्रीश्री राधा गोविंद सेवा समिति परसुडीह द्वारा आयोजित श्री श्री हरिनाम महायज्ञ (8 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन) के 43वें वार्षिकोत्सव पर तीन दिनों तक होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम परसुडीह ग्वाला बस्ती स्थित राधा गोविंद मैदान में हो रहा है। अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार की रात 9 बजे अधिवास कीर्तन से हुआ। शनिवार सुबह से अखंड हरिनाम संकीर्तन चल रहा है, जो रविवार सुबह तक होगा। रविवार 31 मार्च को दोपहर 2.30 बजे से महाप्रसाद वितरण और संध्या में बाउल गीत से कार्यक्रम का समापन होगा। सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष सूर्यकांत घोष और महासचिव रतन डे ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान और नादिया से कुल 5 कीर्तन मंडली आयी है, जिसमें दो महिला मंडली भी हैं।

### धनबाद सीट पर एनडीए करे पुनर्विचार : क्षत्रिय महासभा



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक बैठक प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह की अध्यक्षता में बिष्टुपुर में हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एम एस सिंह मानस भी उपस्थित थे। बैठक में महानगर अध्यक्ष देवांशु शेखर, सरायकेला जिलाध्यक्ष रविशंकर सिंह, अभिमन्यु प्रताप सिंह, बलदेव सिंह, शुभम सिंह, श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, श्रीकांत सिंह, रौनक सिसोदिया, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, रंजन सिंह, रितेश सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में 5 प्रमुख मांगों पर विचार किया गया। धनबाद लोकसभा सीट पर सवर्ण समाज की बहुलता को ध्यान में रख वहां घोषित एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार पर पुनर्विचार करें। झारखंड में 1857 के विद्रोह के अग्रणी प्रणेता अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ साहदेव के वंशजों को सरकारी सहायता दी जाये एवं उनकी जीवनी को राज्य के पाठ्यक्रम में अतिशीघ्र शामिल किया जाये। इन सारे विषयों पर जो दल या गठबंधन जल्द विचार करेगा। क्षत्रिय समाज लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उसी का समर्थन करेगा।

### एनटीटीएफ के 23 छात्र पुणे की कंपनी में चयनित



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों पुणे स्थित सुदर्शन डाइज कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। कंपनी द्वारा आयोजित कैंपस सिलेक्शन में लिखित परीक्षा एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। पुणे स्थित सुदर्शन डाइज कंपनी ने एनटीटीएफ के 23 छात्रों को 2.52 लाख के पैकेज पर लॉक किया। सभी छात्रों ने दोनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनायी। सभी चयनित छात्र डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौरवान्वित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। उप प्राचार्य रमेश राय, पंकज गुप्ता, दीपक ओझा, मंजर, सुमन प्रसाद, लक्ष्मण सोरेन, दीपक सरकार, अनिल के जवाली उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी।

### अरका जैन यूनिवर्सिटी : छात्रों ने हरिसुंदरपुर के लोगों को मताधिकार के प्रति किया जागरूक



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग के सहयोग से अनुसंधान विभाग की ओर से मतदान अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोधार्थियों, छात्रों और संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्होंने गम्हरिया के हरिसुंदरपुर गांव का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने ग्रामीणों से मतदान के अधिकार पर उनकी समझ के स्तर को जानने का प्रयास किया। इस दौरान ईवीएम मशीन से संबंधित जानकारी, इसके उपयोग, नोटा का विकल्प, मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, यदि किसी व्यक्ति के पास मतदान का अधिकार नहीं है, तो मतदान करने की प्रक्रिया आदि पर चर्चा की। एनएसएस के छात्रों ने संबंधित विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों के बीच उपहार वितरित किये गये। यह सत्र बहुत प्रभावशाली रहा, क्योंकि ग्रामीणों ने सभी के साथ बातचीत की और बिना किसी हिचकिचाहट के मतदान के अधिकार पर अपने संदेह को दूर करने का प्रयास किया।

# लखनऊ ने पंजाब को 21 रन से हराया

## पहला मैच खेल रहे पेसर मयंक यादव का धमाका, लखनऊ ने खोला जीत का खाता

एजेंसी

**लखनऊ।** ओपनर क्विंटन डिकॉक की फिफ्टी, मिडिल ओवर्स में निकोलस पूरन के धमाके और आखिरी ओवर्स में क्रुणाल पंड्या की तूफानी पारी के बाद युवा गेंदबाज मयंक यादव की तूफानी रफ्तार के चलते लखनऊ सुपरजायंट्स ने आइपीएल के 17वें सीजन में अपना खाता खोल ही लिया। पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने होमग्राउंड एकाना स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 199 रन बनाए और फिर पंजाब को 178 रन पर ही रोकते हुए 21 रन से मैच जीत लिया। यह लखनऊ की दो मैच में पहली जीत जबकि पंजाब की तीन मैच में दूसरी हार है।

### फिनिश नहीं कर पाई पंजाब

200 रन के विशाल स्कोर के जवाब में पंजाब किंग्स ने शानदार शुरूआत की थी। ओपनिंग विकेट के लिए कप्तान शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो के बीच 102 रन की तेज पार्टनरशिप हुई। 12वें ओवर में डेब्यूटेंट पेसर मयंक यादव ने 29 गेंद में 42 रन बनाकर खेल रहे बेयरस्टो को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तीसरे नंबर पर आए प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा को लगातार 14वें और 16वें ओवर में मयंक यादव ने अपना दूसरा और तीसरा शिकार बनाते हुए पंजाब किंग्स को दबाव में ला दिया। 50 गेंद में 70 रन बनाने वाले शिखर धवन के आउट होते ही मिडिल ऑर्डर की कमर टूट गई। सैम करन तो खाता तक नहीं खोल पाए। लियाम लिविंगस्टोन 17 गेंद में 28 रन बनाकर शशांक सिंह के साथ नाबाद लौटे।

### स्लॉग ओवर्स में क्रुणाल का धमाल

क्रुणाल पंड्या की आखिरी ओवरों में अटैकिंग बल्लेबाजी के दम पर ही लखनऊ 199 रन तक पहुंच पाई थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 38 गेंद में 54 रन बनाए जबकि कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने 21 गेंद में 42 रन की पारी खेली। क्रुणाल ने दो छक्के और चार चौके लगाकर 22 गेंद में 43 रन बनाए और टीम को दो सौ के पास पहुंचाया। पूरन को कप्तानी सौंपकर इस मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए। राहुल ने अर्शदीप को छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका भी जड़ा। अर्शदीप ने हालांकि उन्हें बैकवर्ड प्वाइंट पर जॉनी बेयरस्टो के हाथों लपकवाकर उनकी नौ गेंद में 15 रन की पारी का अंत किया। देवदत्त पड्डिकल (9), मार्कस स्टोइनिस (19) बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो गए।

### मयंक की 156Km/h की रफ्तार

अपना पहला आइपीएल मैच खेल रहे 21 वर्षीय मयंक यादव ने लगातार 150 किमी प्रति/घंटे से भी ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए हर किसी का दिल जीत लिया। 12वें ओवर में उन्होंने जॉनी बेयरस्टो को 155.8 की रफ्तार से गेंद फेंकी। मैच में मयंक यादव ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन अहम विकेट झटके। दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मयंक की तूफानी गेंदों का बड़े-बड़े धुरंधरों के पास भी कोई जवाब नहीं था। लखनऊ ने 2022 के मेगा ऑक्शन में मयंक यादव को 20 लाख के बेस प्राइस में खरीदा था। केएल राहुल ने खेलकर भी नहीं की कप्तानी मैच की शुरूआत में उस वक्त हर कोई हैरान रह गया, जब टॉस के लिए कप्तान केएल राहुल की जगह निकोलस पूरन ग्राउंड पर पहुंचे। टॉस जीतने के बाद पूरन ने बताया कि इंजरी और वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते केएल राहुल विकेटकीपिंग नहीं करेंगे और बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस मैच में खेलेंगे। ऐसे में पूरन ने मैच में लखनऊ की कमान संभाली।



### हार्दिक के खिलाफ दर्शकों का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण: अश्विन

**मुबंई।** टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के मौजूदा सत्र में मुबंई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पांड्या के खिलाफ दर्शकों की हूटिंग को बेतुका और दुर्भाग्यशाली करार देते हुये भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि भारतीय प्रशंसको को अपनी इस हरकत पर खुद ही लगाम लगाने की जरुरत है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर प्रशसंको के सवाल के दौरान कहा प्रशंसको को यह समझना होगा कि जिसके खिलाफ वे हूटिंग कर रहे हैं, वे एक भारतीय है। वास्तव में हूटिंग करने वाले दर्शक सिनेमा संस्कृति से प्रभावित लगते है। ऐसा सिर्फ भारत में देखने को मिल रहा है जब दर्शक अपने ही देश के दो खिलाड़ियों के लिये खेमे में बंट गये हैं। मै तो यह ही कहूंगा कि यह बेहद अफसोसजनक है और अपनी इस गलती को सुधारने की जिम्मेदारी भी हूटिंग कर रहे दर्शकों की ही है।

### लखनऊ 199/8 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| डी कॉक कै. जितेश बो. अर्शदीप | 54 | 38 | 05 | 02 |
| राहुल कै. बेयरस्टो बो.अर्शदीप | 15 | 09 | 01 | 01 |
| पडिक्कल के धवन बो. करन | 09 | 06 | 02 | 00 |
| मार्कस स्टोइनिस बो. चाहर | 19 | 12 | 00 | 02 |
| निकोलस पूरन बो. रबाडा | 42 | 21 | 03 | 03 |
| बदोनी कै. बेयरस्टो बो. करन | 08 | 10 | 00 | 00 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 43 | 22 | 04 | 02 |
| बिश्नोई कै. करन बो. तनय | 00 | 01 | 00 | 00 |
| मोहसिन खान रन आउट | 02 | 01 | 00 | 00 |
| नवीन-उल-हक नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :07

**विकेट पतन** : 35-1, 45-2, 78-3, 125-4, 146-5, 189-6, 189-7, 197-8.

**गेंदबाज** : सैम करन : 4-0-28-3, अर्शदीप सिंह : 3-0-30-2, कगिसो रबाडा : 4-0-38-1, राहुल चाहर : 3-0-42-1, हरप्रीत ब्रार : 2-0-14-0, हर्षल पटेल : 4-0-45-0.

### पंजाब 178/5 (16.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| धवन के डी कॉक बो. खान | 70 | 50 | 07 | 03 |
| बेयरस्टो कै. स्टोइनिस बो. मयंक | 42 | 29 | 03 | 03 |
| प्रभसिमरन कै. नवीन बो. मयंक | 19 | 07 | 01 | 02 |
| जितेश कै. नवीन बो. मयंक | 06 | 09 | 01 | 00 |
| लियाम लिविंगस्टन नाबाद | 28 | 17 | 02 | 02 |
| करन कै. पूरन बो. खान | 00 | 01 | 00 | 00 |
| शशांक सिंह नाबाद | 09 | 07 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 04

**विकेट पतन** : 102-1, 128-2, 139-3, 141-4, 141-5.

**विकेट पतन** : मणिमरण सिद्धार्थ : 2-0-21-0, नवीन-उल-हक : 4-0-43-0, मोहसिन खान : 4-0-34-2, क्रुणाल पंड्या : 3-0-26-0, रवि बिश्नोई : 3-0-25-0, मयंक यादव : 4-0-27-3.



### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.470 |
| राजस्थान | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +.800 |
| हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.250 |
| पंजाब | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 181 |
| क्लासेन | हैदराबाद | 143 |
| धवन | पंजाब | 137 |
| रियान | राजस्थान | 127 |
| पूरन | लखनऊ | 106 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 06 |
| राणा | कोलका | 05 |
| रबाडा | पंजाब | 04 |
| करन | पंजाब | 04 |
| रसेल | कोलकाता | 04 |

## हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात को खतरा




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आइपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की। गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**सनराइजर्स हैदराबाद** : मयंक अग्रवाल, ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, शाहबाज अहमद, अब्दुल समद, पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन।

गुजरात टाइटंस : शुबमन गिल (कप्तान), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, सैक किशोर, उमेश यादव, स्पेंसर जॉनसन।

## चेन्नई के खिलाफ दिल्ली को शॉ की जरूरत




**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करके विस्फोटक पृथ्वी शॉ को शामिल करने की जरूरत होगी।टी20 प्रारूप में हालांकि काफी कुछ टॉस पर निर्भर करता है लेकिन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पिछली चार भिड़ंत में सीएसके की चुनौती से पार नहीं पा सकी है और इसमें भी उसकी हार का अंतर 91 रन, 27 रन और 77 रन रहा है जो उसकी हालत दशार्ने के लिए काफी है। और यह भी देखना होगा कि इन तीन करारी शिकस्त में डीसी की कोर टीम लगभग समान ही रही है, बस पिछली भिड़ंत में ऋषभ पंत उपलब्ध नहीं थे।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**दिल्ली कैपिटल्स** : डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, रिकी भुई, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, सुमित कुमार, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्टजे, खलील अहमद, मुकेश कुमार।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर) रचिन रवींद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, समीर रिजवी, , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुस्तफिजुर रहमान।

## महिला खिलाड़ियों से मारपीट मामले में बड़ी कार्रवाई गोवा पुलिस ने आरोपी दीपक को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला खिलाड़ियों से मारपीट मामले में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को खेल मंत्रालय ने सख्ती दिखाते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बात की जानकारी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी। दरअसल, दो महिला खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एआइएफएफ के एक सदस्य पर नशे की हालत में शारीरिक उत्पीड़न और हिंसा का आरोप लगाया। मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मामले में सख्ती दिखाते हुए एआईएफएफ को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, गोवा में चल रही भारतीय महिला लीग के दौरान महिला फुटबॉलरों पर उनके कोच द्वारा कथित शारीरिक हमले को गंभीरता से लिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



### क्या है मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश स्थित क्लब खाद एफसी से संबंधित दो खिलाड़ियों ने गोवा में जारी भारतीय महिला लीग के दौरान एक होटल के कमरे में एआइएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है। दोनों ने आरोप लगाया कि शर्मा ने नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की और उन्हें थप्पड़ मारा। गोवा फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) और एआइएफएफ ने इसकी शिकायत दर्ज होने की बात स्वीकार की है।

### नशे की हालत में की मारपीट

पलक वर्मा और रितिका ठाकुर ने तीन गवाहों के साथ शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया, गुरुवार को जैसे ही रात का खाना खत्म हुआ, हम अंडे उबालने के लिए अपने कमरे में चले गए। इसी बात से दीपक शर्मा नाराज हो गए और हमारे कमरे में घुस आए। उन्होंने हमें थप्पड़ मारा और हम पर शारीरिक हमला किया। वह हमारे सामने शराब पी रहे थे।

## करुणारत्ने, कुसल शतक से चूके, श्रीलंका पहले दिन 314/4

**चट्टोग्राम(बांग्लादेश)।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका ने अपने शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बड़े स्कोर की नींव रख दी। तीसरे नंबर पर उतरे कुसल मेंडिस ने 93 रन बनाए जबकि दिमुथ करूणारत्ने ने 86 और निशान मदुष्का ने 57 रन की पारी खेली। भारत में पिछले साल विश्व कप के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हरफनमौला शाकिब अल हसन ने 18 ओवर में 60 रन देकर एक विकेट लिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर दिनेश चांदीमल 34 और कप्तान धनंजय डिसिल्वा 15 रन बनाकर खेल रहे थे। पहले टेस्ट में डिसिल्वा ने दोनों पारियों में शतक जमाया था जिसमें श्रीलंका 328 रन से विजयी रहा था। श्रीलंका ने पहले टेस्ट की टीम में एक बदलाव करते हुए चोटिल कासुन रजीता की जगह असिता फर्नांडो को उतारा।

## टी20 विश्व कप 2024 : अगले महीने हो सकता है भारतीय टीम का ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूनामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जाएगा और इस समय तक आइपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी। सूत्र ने कहा, क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आइपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा। जिन खिलाड़ियों की टीम अंतिम चार के लिए क्वालीफाई नहीं करती हैं, वे भी जल्दी जायेंगे जैसा कि पिछले साल डब्ल्यूटीसी फाइनल्स के दौरान हुआ था। टी20 विश्व कप टूनामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है तो उम्मीद है कि कुछ स्टैंड बाई खिलाड़ी भी टीम के साथ यात्रा करेंगे ताकि मुख्य टीम के किसी भी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में या फिर किसी भी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हटने से कोई लॉजिस्टिकल परेशानी नहीं उठानी पड़े। चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।

## आइएसएल 2023-24: ओड़िशा एफसी और बेंगलुरू ने खेला गोलरहित ड्रा

एजेंसी

**बेंगलुरू।** अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद बेंगलुरू एफसी और ओडिशा एफसी के बीच शनिवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेला गया इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) 2023-24 में डबल हेडर का पहला मुकाबला गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। बेंगलुरू एफसी राइट-बैक शंकर को पहले हाफ में गोल लाइन सेव करने और मजबूत डिफेंडिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। शनिवार को जगरनॉट्स द्वारा ड्रा खेलने से स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा जरूर नाखुश होंगे। ओडिशा एफसी 19 मैचों में दस जीत, छह ड्रा और तीन हार से 36 अंक लेकर तालिका में चौथे से तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, ब्लूज द्वारा अपने घर पर ड्रा खेलने स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जरागोजा भी निश्चित रूप से प्रसन्न नहीं होंगे। बेंगलुरू एफसी 20 मैचों में पांच जीत, सात ड्रा और आठ हार से 22 अंक लेकर तालिका में सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई है। पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर रहा, क्योंकि दोनों टीमें गतिरोध तोड़कर बढ़त बनाने में विफल रहीं। लिहाजा, हाफ टाइम ब्रेक पर स्कोर 0-0 था। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण ओडिशा एफसी का 65 फीसदी रहा। जगरनॉट्स ने नौ प्रयास किए, जिनमें से चार शॉट टारगेट पर थे। वहीं, गेंद पर 35 फीसदी कब्जा रखने वाली बेंगलुरू एफसी की ओर से पांच प्रयास किए गए और दो शॉट टारगेट पर रहे। रेफरी हरीश कुंडू की हाफ टाइम की सिटी बजने से ठीक पहले राइट-बैक शंकर ने गोल लाइन सेव करके बेंगलुरू एफसी को पिछड़ने से बचा लिया। उन्होंने रॉय कृष्णा को इस गोल से वंचित किया। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 14वां मुकाबला था और शनिवार दूसरा ड्रा खेला गया। ओडिशा एफसी ने पांच जीत हासिल की है जबकि बेंगलुरू एफसी ने सात मैच जीते हैं। आज के परिणाम के बाद दोनों टीमों के बीच इस सीजन के मुकाबलों में पलड़ा ओडिशा एफसी के पक्ष में रहा। क्योंकि जगरनॉट्स ने अक्टूबर में ब्लूज के खिलाफ अपना पिछला मैच 3-2 से जीता था।




### चेन्नइयन का इरादा मोहन बागान के विजय अभियान को रोकना

एजेंसी

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) की टीम रविवार को यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले आइएसएल 2023-24 मुकाबले में चेन्नइयन एफसी से भिड़ेंगे। एंटोनियो लोपेज हाबास द्वारा साल की शुरूआत में हेड कोच पद संभालने के बाद से मैरिनर्स आइएसएल में अपराजित चल रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में चार जीते हैं और 18 मैचों में उनके 39 अंक हैं। वे लीग लीडर मुम्बई सिटी एफसी (41) से दो अंक पीछे हैं और उन्होंने आइलैंडर्स (19) से एक मैच कम खेला है। इस सीजन में चेन्नइयन एफसी का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि मरीना मचान्स ने प्रतिभा की झलक दिखाई है, लेकिन बीच-बीच में लड़खड़ाहट भी देखने को मिली है, जिस कारण वे प्लेऑफ स्थानों के लिए पूरी ताकत से चुनौती नहीं दे पाए। मरीना मचान्स अपने पिछले पांच मैचों में तीन बार हार चुकी हैं। उनके 18 मैचों से 18 अंक हैं। मोहन बागान सुपर जायंट के सहायक कोच मैनुअल पेरेज ने शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम देखेंगे कि ब्रेक से हमारी फॉर्म पर क्या असर पड़ा है। अपने देश के लिए खेलने से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है।

## बाबर के कप्तान के तौर पर वापसी से बढ़ सकती हैं पाकिस्तान की मुश्किलें

**लाहौर।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम राष्ट्रीय टीम में कप्तान के तौर पर वापसी के लिये पूरी तरह तैयार हैं मगर उनकी पुनर्नियुक्ति से टीम के ड्रेसिंग रूम में कलह के आसार हैं। पिछले साल एशिया कप और 50 ओवर के विश्व कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाबर के पद से हटने के बाद से शाहीन शाह अफरीदी को टी20 और शान मसूद ने टीम के टेस्ट कप्तान की कमान दी गयी थी।

### मेरा फैसला बदलने वाला नहीं: जावी

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के कोच जावी हर्नांडेज ने कहा है कि क्लब में सीजन के अंत तक अपनी भूमिका से हटने के पहले लिए गए फैसले पर उनका मन बदलने का कोई इरादा नहीं है। जावी ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह जनवरी के अंत में विलारियल से 5-3 की हार के बाद जून के अंत में बार्सा में अपना पद छोड़ देंगे। इस हार के कारण क्लब को शीर्ष चार में जगह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था।

### रविवार को होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

नयी दिल्ली। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा॥ इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी।

# लोकसभा आम चुनाव को लेकर निर्धारित संपूर्ण कार्यक्रम की निर्वाचन पदाधिकारी ने दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों से जुड़े विषय पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के पश्चात गढ़वा जिले में अब तक हुए कार्रवाई एवं 13 पलामू लोकसभा आम निर्वाचन के लिए निर्धारित संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 13 पलामू लोकसभा क्षेत्र में चैथे फेज में चुनाव होना है। जिसके लिए अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, मतदान की तिथि 13 मई एवं मतगणना की तिथि 4 जून है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा, जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में मतदाताओं की संख्या 1041022 है। वहीं पहली बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 एवं 81 भवनाथपुर में 15352 है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने महिला मतदान केंद्र, पीडब्लयूडी मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एसपी संग संयुक्त रूप से इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया जा रहा है। वहीं सी विजील के माध्यम से अब तक चार मामले प्रकाश में आए, जिसका डिस्पोजल कर लिया गया। इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान अब तक लगभग 4 लाख 76 हजार रुपये का अवैध शराब जप्त किए गए हैं।

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि 16 मार्च को एमसीसी लागू होने के पश्चात विभिन्न चेकपोस्ट पर अब तक 774 लीटर अवैध देशी शराब जप्त किए गए हैं। 113 लीटर बियर एवं 35 लीटर विदेशी वाइन भी जप्त किए गए हैं। 10 अवैध देशी हथियार जप्त किए गए हैं। जिले में कुल 703 लाइसेंसी हथियारों की संख्या है, जिनमें से अब तक 236 हथियारों को थाने में जमा कराया गया है एवं शेष हथियारों को भी जमा कराया जा रहा है। 107 के तहत अब तक 101 लोगों पर कार्रवाई की गई है, 350 नॉन बेलेबल वारंट जारी किए गए हैं, 124 लोगों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। पांच इंटर स्टेट चेक पोस्ट सक्रिय है, जिनमें दो यूपी बॉर्डर, दो छत्तीसगढ़ बॉर्डर एवं 1 बिहार बॉर्डर पर चेक नाका लगाया गया है। सभी चेक नाको पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात है, सक्रियता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी जानकारी साझा की गई एवं मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पुछे गए सवालों के उत्तर दिए गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतीयश विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केषरी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रेफरल अस्पताल परिवार ने 15 टीबी मरीजों को लिया गोद


मरीजों के साथ पदाधिकारी।

**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल क्षेत्र के 15 टीबी मरीजों को रेफरल परिवार के द्वारा गोद लिया गया। इन सभी 15 टीबी मरीजों को रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, बीपीएम रूबी तबस्सुम, बैम आलोक कुमार सिंह, पीएमडब्ल्यू राजीव रंजन, सीएच ओ तारामणि, किशन राज, महिपाल, अनुराधा, खुशबू राज, रुस्तम, सुग्रीव, ओम प्रकाश एवं योगेश कुमार ने गोद लिया है। सभी मरीजों के बीच फुड बास्केट का वितरण किया गया है। जानकारी देते हुए बीपीएम रूबी तबस्सूम ने बताया कि सभी मरीज जब तक ठीक नहीं हो जाते हैं तब तक इन लोगों को फूड बास्केट दिया जाएगा। विशेष जानकारी देते हुए टीबी मरीजों को डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि आप सभी मरीज जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे। आप लोगों को स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दिए गए दवा को समय-समय पर निरंतर लेने की जरूरत है। दवा खाने का गैप नहीं होना चाहिए। फूड बास्केट वितरण के दौरान कई अस्पताल कर्मी भी मौजूद थे।

### यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण


सम्मानित बच्चे।

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्थित यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल परिसर में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिशु विद्या मंदिर के पूर्व प्राचार्य विजय भान सिंह, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य संजय कुमार यादव, चेयरमैन अनुराधा सिन्हा, प्राचार्य ऋतुराज प्रसाद गुप्ता, संस्थापक जेपी लाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। इस दौरान विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। विद्यालय में शत प्रतिषत उपस्थिति के लिए माधुरी कुमारी, सुधा कुमारी, नीरज बैठा को साइकिल देखकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मुख्य अतिथि ने सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य विजय भान सिंह ने कहा कि बच्चों में बहुत हुनर है, उसे तरासने की जरूरत है। इसके लिए इन्हें शिक्षक की जरूरत है जो पूरी मेहनत के साथ ईमानदारी से शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ऋतुराज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमें सभी वर्ग के बच्चों को जागरूक करने के साथ ही शिक्षित करना चाहिए। ताकि वह शिक्षित होकर समाज और देश में नाम रोशन कर सके। इस मौके पर पवन सिंह, विनोद कुमार, लालू चंद्रवंशी, आशा सोनी, आसपति, नीतू सिंह, रेखा कुमारी, रूपा कुमारी, पूजा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नवादा से नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, आठ मैदान में

**नवादा।** बिहार के नवादा संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के लिए दाखिल 17 नामांकन में से नौ प्रत्याशियों का नामांकन पत्र त्रुटियों के कारण रद्द कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के मुताबिक कुल 17 उम्मीदवारों ने नामांकण किया था। आज उन नाम निर्देशन पत्रों की विधिवत संवीक्षा की गयी। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा के बाद कुल 08 नामांकन पत्र सही पाये गए है जबकि नौ लोगों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है।

### भागलपुर : भाजपा विधायक से 10 लाख रंगदारी की मांग

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों ने स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक ललन पासवान से दस लाख रुपये रंगदारी की मांग की है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक ललन पासवान के मोबाइल फोन पर अपराधियों ने मैसेज भेज कर दस लाख रुपये रंगदारी मांगी है और पैसे नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

### सारण : महिला के हत्या मामले में दोषी पति को सजा

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की एक सत्र अदालत ने अपनी पत्नी की हत्या करने वाले दोषी पति को आज 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम सुधीर सिन्हा ने इस मामले की अंतिम सुनवाई के बाद अंजुम आरा की हत्या के मामले में परसा थाना क्षेत्र के अन्याय निवासी एवं मृतका के पति राजू को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी के तहत दस वर्ष सश्रम कैद की सजा सुनाई है।

## जमीन पर किए गए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण विभाग की भूमि में लक्ष्मण उरांव द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन दिया। जिसका खाता संख्या 155, खेसर 98 तथा रब्बा 39 डिसमिल है, यह जमीन कल्याण विभाग बिहार सरकार में दर्ज है इस पर लक्ष्मण उरांव द्वारा 8 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं। ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार कल्याण विभाग की भूमि पर सरकारी आवास था। जिस पर ग्राम सेवाड़ी थाना रंका जिला गढ़वा निवासी लक्ष्मण उरांव पिता मथन उरांव यहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पोस्ट पर कार्यरत थे तथा विभाग द्वारा इन्हें सरकारी आवास निर्गत की गई थी। जिस पर उनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध कब्जा कर सरकारी आवास को तोड़कर कब्जा किया गया। कल्याण विभाग के बालिका छात्रावास के 8 डेसिमल भूमि पर सरकारी आवास को तोड़कर लक्ष्मण उरांव के द्वारा अपना निजी मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया। बालिका छात्रावास की भूमि पर अवैध मकान बनाकर फर्जी तरीके से अपना आधार पहचान पत्र एवं दस्तावेज भंडरिया निवासी बनाया। जबकि लक्ष्मण उरांव ग्राम सेवड़ी रंका थाना के खतियान निवासी है। वही बालिका छात्रावास की भूमि पर निजी मकान बनने से भंडरिया प्रखंड के सुद्रवर्ती इलाकों के आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं को भंडरिया पढ़ाई करने हेतु रहने के लिए अनेकों कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में भंडरिया सीओ ने कहा कि चुनाव बाद जांच पड़ताल की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सुमित गोस्वामी, मुखिया विनय सिंह, उप मुखिया रविंद्र सिंह, राम जी ठाकुर, रवि शंकर कश्यप आदि उपस्थित थे।


आवेदन देते ग्रामीण।

## खबर एक नजर में

### डैम में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस


अधेड़ का शव।

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत बीरबंधा डैम से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने डैम में शव होने की सूचना थाना प्रभारी आकाश कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार अपने दल बल के साथ वीरबंधा डैम पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मुंशी शर्मा उम्र करीब 60 वर्ष पिता छठन मिस्त्री के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव देखने के बाद प्रथम दृष्टया लग रहा है कि डैम में डूबने से मौत हुई है। क्योंकि शरीर पर किसी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं पाया गया है। मृतक मुंशी शर्मा ग्राम रामपुर क्षेत्र के लकड़ी- खदेरन बीघा टोला में अस्थाई रूप से लगभग 2 वर्षों से लगभग 10 वर्षीय पुत्री एवं दूसरी पत्नी के साथ झोपड़ी बनाकर रह रहा था। वह मूल रूप से गढ़वा थाना क्षेत्र के हंसकेर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मुंशी शर्मा की पहली पत्नी से लड़के बच्चे हंसकेर में रहते हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वीरबंधा डैम से मुंशी शर्मा का शव मिला जिसे पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रथम दृश्या प्रतीत होता है कि डूबने से मुंशी शर्मा की मौत हुई है। विशेष जांच प्रक्रिया जारी है।

### परियोजना बालिका उवि में लगा स्वास्थ्य कैम्प




**भवनाथपुर।** सेल के सीएसआर के तहत शनिवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। कैम्प का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम, सेल जीएम मनोज कुमार, सेल अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय राम ने संयुक्त रूप से किया। उक्त शिविर में विद्यालय के 300 बच्चियों को बेहतर स्वास्थ्य को लेकर सेल प्रबंधन द्वारा पैकेट बंद सेनेटरी पैड, फल, बिस्कुट, हॉर्लिक्स व आयरन की गोलियां का वितरण किया गया। मौके पर सेल जीएम मनोज कुमार ने कहा कि देश के भविष्य स्कूल के छात्र छात्राएं ही है। वे स्वस्थ रहकर ही देश की सेवा करने में सक्षम हो सकती है। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि महिलाएं ही किसी घर के स्वस्थ्य परिवेश को बरकार रखने में अहम भूमिका निभाती है। महिलाओं को फास्ट फूड से बचते हुए उन्हें अपने आहार में हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। किशोरी बच्चियों को पीरियड के समय उन्हें अपनी शरीर की साफ सफाई पर विशेष ख्याल रखना चाहिए। शरीर में हीमोग्लोबिन को मेंटेन रखने के लिए अपने खान पान का विशेष ख्याल रखते हुए आहार में अधिक से अधिक आयरन और विटामिन सी का सेवन करना चाहिए। सेल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय राम ने कहा कि पढाई के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बच्चियों को मजबूत बनाना है, ताकि स्वस्थ्य व्यक्ति ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। मौके पर महिला प्रवेक्षिका रिंकी कुमारी, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीओ रविंद्र मेहता, विद्यालय के एचएम सत्यप्रकाश यादव, अजय कुमार सिंह, सुशील मिश्रा, घनश्याम शुक्ल, मुकेश दूबे, ओम प्रसून श्रीवास्तव, सरोज कुमारी, पुटी कुमारी, विनय सिंह, सुदेश, बिनोद, अजय, संपूणानंद मिश्र, दिलीप बैठा आदि उपस्थित थे।

### औरंगाबाद से सात प्रेशर आइइडी बरामद

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रेशर आईईडी विस्फोट कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने और दहशत फैलाने की नक्सलियों की बड़ी योजना को पुलिस ने विफल कर दिया। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 अमित कुमार ने शनिवार को यहां बताया कि मदनपुर थाना के पचरूखिया पहाड़ के जंगल में नक्सली गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कोबरा बटालियन के संयुक्त छापामारी अभियान के दौरान पचरुखिया कैंप से कुछ ही दूर पर सात प्रेशर आईईडी को बरामद किया गया है।

### एनडीए ने कपूरी ठाकुर को दिया सम्मान, राजद-कांग्रेस ने उनके आदर्शों को रौंदा: सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने जननायक कपूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह सहित देश की चार विभूतियों को मरणोपरांत 'भारत-रत्न' से सम्मानित किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े समुदाय से आने वाले और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वालों का कभी सम्मान नहीं किया।

### श्री रामनवमी पूजा महोत्सव की बैठक संपन्न


बैठक करते लोग।

भवनाथपुर। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव मनाने को लेकर सूर्य मंदिर के प्रांगण में बैठक की गई। इस दौरान श्री राम नवमी पूजा मनाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रवि शंकर गुप्ता को अध्यक्ष, ओमप्रकाश आर्य एवं रंजीत गुप्ता को उपाध्यक्ष, राजू गुप्ता को सचिव, शंकर गुप्ता को कोषाध्यक्ष, दुर्गेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी, ब्रजेश गुप्ता को सूचना प्रभारी बनाया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आशुतोष वैद्य ने कहा कि इस बार रामनवमी पूजा भव्य एवं शानदार तरीके से मनाया जाएगा। 16 अप्रैल महाष्टमी के दिन मोटरसाइकिल से शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें दुर्गा वाहिनी की बहने भी शामिल रहेंगी। वहीं 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन माताएं एवं बहनों के साथ महावीर जुलूस निकाला जाएगा। मौके पर सौरभ गुप्ता, अनूप गुप्ता, धर्मेंद्र राम, ब्रजेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में अवैध रूप से संचालित आरा मिल व लकड़ी जप्त, संचालक गिरफ्तार

अनुप सिंह

**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के अधौरा गांव में भवनाथपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार (रेंजर) ने अपनी टीम के साथ छापामारी कर अवैध रूप से संचालित आरा मिल को उखाड़कर जप्त कर लिया है। इसके साथ ही मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी अमेरिका शर्मा का पुत्र सह अवैध रूप से संचालित आरा मिल के संचालक संजय शर्मा को गिरफ्तार कर वन अधिनियम एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। इसके अलावा आरा मिल से इमारती एवं विभिन्न प्रजाति के लड़कियों को भी जप्त करते हुए सुरक्षार्थ के लिए भवनाथपुर वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया। इसकी जानकारी रेंजर प्रमोद कुमार ने दी।

रेंजर श्री कुमार ने कहा कि भवनाथपुर वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध कारोबार को बक्सा नहीं जाएगा। सम्मिलित लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जाएगा। छापामारी दल में वनपाल ओम प्रकाश उरांव, वनरक्षक सुनील राय, हीरालाल, संजीत कुमार, दयाशंकर सिंह, भवनाथपुर व नगर प्रक्षेत्र के अन्य वनरक्षक एवं होमगार्ड के जवान के अलावा मझिआंव थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।


छापामारी करते पदाधिकारी।

### सड़क जाम के कारण विलंब से पहुंची प्रत्याशी, नहीं हो सका नामांकन

एजेंसी

**भागलपुर।** लोकसभा के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर भागलपुर में नामांकन की प्रक्रिया चालू है। भागलपुर में हालांकि अभी तक एक भी नामांकन नहीं हुआ है लेकिन शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय नामांकन कराने कहलगांव से विलंब से पहुंची रूपम कुमारी का नामांकन नहीं हुआ और उसको बैरंग वापस लौटना पड़ा, जिसके बाद रूपम कुमारी उसके पति धनंजय कुमार मंडल और उसके समर्थक काफी आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि 4 घंटे तक जाम में फंसे रहने के कारण वह सही समय पर नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंच सके। रूपम कुमारी ने जिला निर्वाचित पदाधिकारी सह जिलाधिकारी से यह अनुरोध भी किया कि जाम के कारण उन्हें विलंब हुआ इसलिए उन्हें नामांकन करने दिया जाए लेकिन समय समाप्त होने के कारण उन्हें नामांकन नहीं करने दिया गया। जिस पर रूपम देवी और उसके पति धनंजय कुमार मंडल ने कहा कि जाम के कारण वह समय पर नामांकन नहीं कर पाए। इसके लिए जिला प्रशासन दोषी है। पहले जिला प्रशासन जाम से निजात दिलाएं फिर समय पर नामांकन किए जाने की बात करें।



### बक्सर में पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**पटना/बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में बीते 24 घंटे के भीतर एक ही गांव के पांच लोगों की संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया है। मरने वाले सभी लोग ब्रह्मपुर के बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव के रहने वाले थे। तीन लोगों की मौत पहले ही हो गई थी जबकि दो अन्य लोगों की मौत बीती रात इलाज के दौरान हो गई है। दो अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पटना में इलाज के दौरान जिन दो लोगों की मौत हुई है उनमे 40 वर्षीय हरेंद्र सिंह उर्फ काली यादव और 40 वर्षीय दामोदर यादव है। इस गांव के कुल पांच लोगों की मौत अबतक हो चुकी है। एक के बाद एक पांच लोगों की संदिग्ध मौत से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका जता रहे हैं। तीन लोगों की मौत के बाद दो और लोगों की मौत की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बक्सर के डीएम और एसपी गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से घटना की जानकारी ली। पहले तो स्थानीय स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की गई लेकिन जब मृतकों का आकड़ा बढ़ गया तो बात सामने आ गई। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस ने चुप्पी साध रखी है।

### लोजपा (रामविलास) ने पांच सीटों का किया एलान, हाजीपुर से खुद लड़ेंगे चुनाव

**पटना।** लोजपा (रामविलास) ने बिहार में पांच लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये हैं। चिराग पासवान खुद हाजीपुर सीट से उम्मीदवार हैं. जमुई से उन्होंने अपने बहनोई अरूण भारती को उम्मीदवार बनाया है। अरूण भारती जमुई से नामांकन भी कर चुके हैं। चिराग पासवान ने समस्तीपुर लोकसभा सीट से नीतीश के करीबी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। शांभवी की शादी आचार्य किशोर कुणाल के बेटे से हुई है। वैशाली सीट से मौजूदा सांसद वीणा देवी को टिकट मिला है। वीणा देवी भी पशुपति पारस के साथ चली गयी थीं। सबसे दिलचस्प उम्मीदवार खगड़िया से उतारा गया है। खगड़िया से राजेश वर्मा को टिकट दिया गया है। राजेश वर्मा भागलपुर के रहने वाले हैं। वे पिछला विधानसभा चुनाव लोजपा के टिकट पर लड़े थे।

## पशुपति का यू-टर्न, एनडीए को दिया समर्थन

एजेंसी

पटना। एनडीए में सीट बंटवारे के बाद से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस खासे नाराज चल रहे थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनके महागठबंधन में जाने की अटकलें तेज हो गयी थीं। उन्होंने हाजीपुर से चुनाव लड़ने का फैसला भी कर लिया था लेकिन अब उन्होंने यू-टर्न ले लिया है। पारस ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स लगातार दो पोस्ट डालकर रुख साफ कर दिया है। उन्होंने न सिर्फ खुद को एक बार फिर से मोदी के परिवार में शामिल कर लिया है, बल्कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए के समर्थन की घोषणा कर दी है। इस दौरान उन्होंने खुद को एनडीए का अभिन्न अंग बताया। साथ ही नरेन्द्र मोदी को अपना नेता बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं रालोजपा प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने एक्स हैंडल पर लिखा है, 'हमारी पार्टी रालोजपा, एनडीए का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र हमारे भी नेता हैं और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में 400 सीटें जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए के सीट बंटवारे में उनकी पार्टी को जगह नहीं मिलने के बाद पशुपति पारस ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। साथ ही अपने एक्स हैंडल से मोदी का परिवार भी हटा दिया था। उन्होंने महागठबंधन में अपनी जगह बनाने की कोशिश की लेकिन बीते शुक्रवार जब महागठबंधन ने सीटों का एलान किया तो उन्हें अपनी जगह नजर नहीं आयी और वर्तमान परिस्थिति में वह अकेले चुनाव लड़ नहीं सकते। क्योंकि, उन्हें हार का डर सता रहा था।



### पत्नी व तीन बेटियों का हत्यारा ईदु ने की आत्महत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बाबरिया गांव में पत्नी व तीन बच्चों को धारदार हथियार से काटकर हत्या करने वाला ईदु अंसारी ने भी अपनी जान दे दी है। शुक्रवार की देर रात सुगौली में रेलवे ट्रैक से उसका शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि उसने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली है। उल्लेखनीय है कि ईदु ने गुरुवार की देर रात में अपने घर में सो रही पत्नी अफरीना खातून सहित तीन बच्चियों को चारा काटने वाले गडांसे से काटकर मार डाला था। इस वीभत्स हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह घर से फरार था।

## पेज एक का शेष

### माले ने कोडरमा से ...

मनोज भक्त ने कहा कि जब उनके उम्मीदवार जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे तो वे निश्चित रूप से कोडरमा के मजदूरों और मूल निवासियों की समस्याओं को उठाने का काम करेंगे। माले कोडरमा क्षेत्र के हर समाज और हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को उठाने का प्रयास करती रहेगी। कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कॉलेजों और स्कूलों में मुफ्त इंटरनेट सेवा की व्यवस्था की जायेगी। क्षेत्र के सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों तक शिक्षा की रोशनी फैलाना है। भाकपा माले के प्रत्याशी ये संकल्प लेकर लोगों के बीच पहुंचेंगे।

### इडी ने शाहजहां ...

सोमवार को कोर्ट में होगी पेशी : ईडी टीम पर हमले के बाद अधिकारियों से फरार होने के 55 दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद, शेख शाहजहां को तृणमूल कांग्रेस ने छह साल के लिए निलंबित कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय संभवतः सोमवार को बशीरहाट अदालत में वारंट पेश कर शाहजहां की रिमांड मांगेगा।

# राष्ट्रपति ने नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर समेत चार को दिया भारत रत्न


पूर्व पीएम नरसिम्हा राव के पुत्र को भारत रत्न देतीं राष्ट्रपति।


पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के पौत्र सर्वोच्च सम्मान देतीं राष्ट्रपति।


बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर के पुत्र को सम्मान देतीं मुर्मू।


कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के पुत्री अलंकरण लेतीं।

## स्पीड न्यूज

### सीरिया और लेबनान में इजराइल का हवाई हमला, 44 की मौत

**यरुशलम।** इजरायल ने शुक्रवार को सीरिया और लेबनान के खिलाफ अबतक का सबसे बड़े हवाई हमला किया है जिसमें 36 सैन्यकर्मियों समेत 44 लोगों की मौत हो गई है। सीरिया की राजधानी दमिश्क और अलेप्पो प्रांत में किए इजराइली हवाई हमलों में 44 लोग मारे गए हैं, जिनमें 36 सैन्यकर्मी हैं। जबकि लेबनान के बाजौरिया इलाके में लेबनानी हिजबुल्लाह का वरिष्ठ कमांडर मारा गया।

### बस्तर में एंबुलेंस पलटी 11 जवान हुये घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ के बस्तर के रतेंगा में सीआरपीएफ जवानों से भरी एक एंबुलेंस के शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 11 जवान और एंबुलेंस चालक घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार बस्तर के रतेंगा में सीआरपीएफ जवानों से भरी एक एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सभी जवान 188 बटालियन के हैं और एंबुलेंस द्वारा चुनावी ड्यूटी के लिए कोंडागांव जा रहे थे। इस हादसे में 11 जवान और एंबुलेंस चालक घायल हुए हैं। जवानों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ 5 किलो आइइडी मिला

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के ग्राम बिनागुण्डा-कोरोनार के जंगल में पुलिस के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेंड के बाद घटनास्थल की तलाशी में बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री एवं 5 किलोग्राम आइइडी मिला है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि जिले में चलाए जा रहे नक्सल अभियान के दौरान 29 मार्च को सुबह जवानों का एक दल सर्चिंग गश्त करते हुए ग्राम बिनागुण्डा-कोरोनार के जंगल में पहंचा था। तभी वहां पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने सुबह लगभग 8:00 बजे से 12:00 बजे के बीच तीन बार सुरक्षा बलों पर फायरिंग की। नक्सली घने जंगल एवं पहाड़ी का फायदा उठाकर भाग गए।

### 65 लाख के साथ व्यवसायी गिरफ्तार

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर जीआरपी और आरपीएफ ने एक सर्राफा व्यवसायी को बैग में 65 लाख रुपये ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। जीआरपी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात सूचना मिली की एक व्यक्ति के ट्राली में बड़ी मात्रा में रुपया रखा हुआ है। इसके बाद जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम ने प्लेटफार्म चार पर बैठे यश कुमार को गिरफ्तार किया। बैग की तलाशी में 65 लाख रुपए मिले।

### सिलेंडर फटा, तीन बच्चों समेत चार मरे

**देवरिया।** भलुवनी थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग की चपेट में आकर तीन बच्चों समेत मां की मौत हो गई है। डुमरिया की रहने वाली आरती गुप्ता किचन में चाय बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया।

# देश के लिए योगदान को सम्मान है भारत रत्न : मोदी

**एजेंसी**

- इन दिवंगत नेताओं के देश के लिये किये गये योगदान को हर भारतीय स्वीकारता है : प्रधानमंत्री
- नरसिम्हा राव ने देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया था
- चौधरी चरण सिंह ने कृषि और ग्रामीण विकास में अतुलनीय योगदान दिया था
- डॉ. स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया था
- कर्पूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित किया था

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को शनिवार को मरणोपरांत राष्ट्रपति द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि इन दिवंगत नेताओं के देश के लिए किए गए योगदान को हर भारतीय स्वीकारता है। उन्हें इस बात पर गर्व है कि वे भारत रत्न से सम्मानित किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने पीवी नरसिम्हा राव की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न



देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि जगत की एक सम्मानित हस्ती को आनुवंशिकी और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा हासिल है। उनके प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। उन्हें दिया गया भारत रत्न अधिक से अधिक लोगों को कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करे।

बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। जननायक को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है। समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कपूरी जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है।

# राजनाथ सिंह बने भाजपा घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष

**सीतारमण संयोजक और गोयल बने सह संयोजक**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 27 सदस्यीय घोषणापत्र समिति गठित की है। पार्टी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भाजपा घोषणापत्र समिति का संयोजक और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है।

**समिति के अन्य सदस्य :** अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, किरन रिजीजू, धर्मेंद्र प्रधान, अर्जुनराम मेघवाल, हिमंतविश्व शर्मा, भूपेंद्र पटेल, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, जुएल ओरांव, रवि शंकर प्रसाद, विनोद तावड़े, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, ओम प्रकाश धनखड़, राजीव चंद्रशेखर, राधामोहनदास अग्रवाल, मनजिंदरजीत सिंह सिरसा, अनिल एंटनी और तारिक मंसूर शामिल हैं।

# पाक में ब्रह्मोस मिसाइल गिरने का हुआ खुलासा

**कोर्ट ऑफ इंक्वायरी**

**लड़ाकू कनेक्टर जंक्शन बॉक्स से जुड़े रहने पर हुआ था हादसा**

**सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने दो साल पहले पाकिस्तान में गिरी ब्रह्मोस लड़ाकू मिसाइल की आकस्मिक फायरिंग के पीछे के कारणों का खुलासा किया है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के निष्कर्षों के आधार पर बताया गया है कि ब्रह्मोस मिसाइल के लड़ाकू कनेक्टर इसके जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह गये थे और तकनीकी गलती से ब्रह्मोस मिसाइल की दुर्घटनावश फायरिंग हुई थी। पड़ोसी देश में मिसाइल का प्रक्षेपण होने से भारतीय वायु सेना और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। साथ ही सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान हुआ। यह हादसा 09 मार्च, 2022 को सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके मिसाइल की रेंज बढ़ाकर परीक्षण किये जाने के दौरान तकनीकी गलती से हुआ था। अगले ही दिन इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के सामने अपना विरोध दर्ज कराया था। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद भारत सरकार ने घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया था। घटना की जांच के लिए 11 मार्च, 2022 को गठित की गई कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के निष्कर्षों को साझा करते हुए भारतीय वायु सेना का कहना है कि यह ऐसी घटना थी, जिसका पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर असर पड़ा। इस घटना में दोषी करार दिए गए कॉम्बैट टीम के विंग कमांडर अभिनव शर्मा ने सैन्य अदालत के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। इस याचिका पर वायु सेना ने 29 मार्च को अपना जवाबी हलफनामा दायर किया है। वायु सेना ने विंग कमांडर शर्मा के उस दावे को खारिज किया है कि वे इस दुर्घटना को रोकने में सक्षम नहीं थे। सभी गतिविधियां उनकी (शर्मा) उपस्थिति में मोबाइल ऑटोनॉमस लांचर के अंदर हुई थीं।


# इडी ने दिल्ली के परिवहन मंत्री से 5 घंटे की पूछताछ

**शराब घोटाला**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके करीबी मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया था। कैलाश गहलोत नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। वे केजरीवाल सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। उधर, गहलोत ने ईडी की पूछताछ में शामिल होने के बाद संवाददाताओं के पूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी (आप) का स्टैंड



यही रहा है, समय के साथ आप सभी इस बात से आश्वस्त हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। इस मामले में मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह अभी जेल में हैं।

# सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों ई-नीलामी 16 मई से

**नयी दिल्ली।** खान मंत्रालय ने सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बोली लगाने के लिए निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय की गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये सात ब्लॉक उन 11 ब्लॉकों का हिस्सा हैं, जिनकी नीलामी पहले रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा, 18 ब्लॉकों के लिए किश्त दो के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया भी जारी है। निविदा दस्तावेज की बिक्री की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि छह ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी का दूसरा दौर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो चुका है। लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिज भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

# लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए रैली : कांग्रेस

**एजेंसी**

- बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और सामाजिक ध्रुवीकरण मुख्य मुद्दा होगा : जयराम रमेश

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि रैली का मुख्य मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और ध्रुवीकरण होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश (संचार) ने कांग्रेस मुख्यालय में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि रविवार की रैली लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है, इसलिए नाम लोकतंत्र बचाओ रैली रखा गया है। जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति के बाद मुंबई में आईएनडीआईए गठबंधन की एक बड़ी रैली हुई थी। वहां पर पहला शंखनाद हुआ था और रविवार दूसरा बड़ा शंखनाद होगा। इस रैली में पूरा आईएनडीआईए शामिल है। इस रैली में देश में बढ़ती महंगाई,



बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और सामाजिक ध्रुवीकरण मुख्य मुद्दा होगा। जयराम रमेश ने कहा कि यह आईएनडीआईए में शामिल सभी 28 पार्टियों की रैली है। यह अलग बात है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग फार्मूला लागू नहीं हुआ फिर भी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गठबंधन की इस लोकतंत्र बचाओ रैली में शामिल होंगे।

## भाजपा ने रैली को बताया भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह रैली भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन के अलावा और कुछ नहीं है। इस रैली का नारा है करेंगे भ्रष्टाचार, कहेंगे इसको शिष्टाचार, जब जांच होगी तो चिल्लाएंगे अत्याचार। पूनावाला ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि वे लालू यादव, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जेल में डालेंगे, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार' किया है। जब केजरीवाल खुद जेल में हैं, अदालत से भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है तो वे उन्हीं लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, राहुल गांधी का सहारा ले रहे हैं। इस तरह अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक रूपांतरण साफ देखा जा सकता है।

# हृदयगति रूकने से हुई मुख्तार की मौत

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलसा**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिला कारागार में निरूद्ध रहे बाहुबली नेता माफिया मुख्तार अंसारी की मृत्यु हृदय गति रुक जाने से हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है और सदमे के साथ हार्ट अटैक मौत का तात्कालिक कारण बताया गया है जिससे उसकी मृत्यु गुरुवार रात समय 9:50 बजे की प्रतीत होने की पुष्टि हुई।

**मुख्तार का शव सुपुर्द-ए-खाक :** उत्तर प्रदेश के बाहुबली और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से सुबह जनाजा निकाला गया। इसमें सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी और भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य तथा समर्थक शामिल हुए।

# गाजियाबाद से पहली बार सांसद बने थे राजनाथ

**लोकसभा चुनाव**

**एजेंसी**

- कई मायने में खास है गाजियाबाद सीट
- वीके सिंह लगातार दोनों कार्यकाल में मंत्री रहे
- 29 लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटी गाजियाबद लोकसभा कई मायनों में खास रही है। पहले यह हापुड़ लोकसभा थी, लेकिन वर्ष 2009 में परिसीमन हुआ। इसमें हापुड़ का कुछ हिस्सा मेरठ लोकसभा और कुछ भाग गाजियाबाद में आ गया। लोनी विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर गाजियाबाद लोकसभा सीट का गठन कर दिया गया। इस लोकसभा में 5 विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल की गई हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह गाजियाबाद लोकसभा के पहले सांसद चुने गए थे और अभी तक इस हॉट सीट पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा है। इस बार 29 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसद का चुनाव करेंगे, जबकि 2019 में यह संख्या 26 लाख से कुछ ज्यादा थी। 2024 में पुरुष मतदाताओं की संख्या 15 लाख 99 हजार जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 13 लाख से ज्यादा है। दिल्ली से सटी होने के कारण इस सीट को वीआईपी का दर्जा प्राप्त रहा है। जिसके चलते इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए सभी दल पूरी ताकत लगाते हैं। आजादी के बाद 1952 में पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए। लेकिन गाजियाबाद की जनता को को 1957 में हापुड़ लोकसभा क्षेत्र को कांग्रेस के कृष्णचंद शर्मा के रूप में पहला



सांसद मिला। 1962 में कमला चौधरी कांग्रेस, 1967 में प्रकाशवीर शास्त्री निर्दलीय जीते। 1971 में बीपी मौर्य कांग्रेस, 1977 में कुंवर महमूद अली भारतीय लोकदल, 1980 में अनवर अहमद जनता पार्टी सेक्युलर, 1984 में केएन सिंह कांग्रेस, 1989 में केसी त्यागी जनता दल, 1991 से 99 तक चार बार बीजेपी की टिकट पर डॉ. रमेश चंद तोमर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे, जबकि 2004 में हापुड़ लोकसभा के रूप में रहते हुए कांग्रेस के सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने अंतिम जीत दर्ज हासिल की। नए परिसीमन के बाद भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने यहां से उस समय के मौजूदा सांसद कांग्रेस के सुरेंद्र प्रकाश गोयल को 90 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था। लेकिन 2014 में राजनाथ सिंह ने सीट बदल ली और लखनऊ से सांसद बने। इसके बाद बीजेपी ने सेना से रिटायर्ड जनरल वीके सिंह को टिकट दिया। वीके सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवार और अभिनेता राजबब्बर को 5.67 लाख से भी अधिक मतों से हराया। 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने एक बार फिर से वीके सिंह पर भरोसा जताया और उन्हें टिकट दिया। बीजेपी के वीके सिंह को 9 लाख 44 हजार 503 वोट मिले। वहीं गठबंधन प्रत्याशी समाजवादी पार्टी सुरेश बंसल को 4,43,003 वोट मिले हैं। वीके सिंह ने करीब 5 लाख के अंतर से जीत दर्ज की।

# फिल्म 'दबंग 4' की स्क्रिप्ट पर चल रहा है काम : सलमान खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने कहा कि दबंग 4 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, जैसे हीं स्क्रिप्ट फायनल हो जायेगी फिल्म की शूटिंग शुरू हो जायेगी। सलमान खान ने वर्ष 2010 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म दबंग में काम किया था। दबंग की सफलता के बाद सलमान खान दबंग फ्रेंचाइजी की फिल्म दबंग 2 और दबंग 3 में भी नजर आये। सलमान के फैंस को दबंग 4 का बेसब्री से इंतजार है। सलमान खान ने कहा है कि जिस पल वह और उनके भाई अरबाज खान एक स्क्रिप्ट पर सहमत हो जाएंगे, फिल्म बन जाएगी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!